
चतुर्थ दिन - कुष्मांडा: ब्रह्मांड की सृजनकर्ता, सकारात्मक ऊर्जा की जननी।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



वर्ष : 13 | अंक : 51 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | गुरुवार, 25 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत


www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan


15 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

## ऊर्जा क्रांति... पीएम मोदी आज माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना की रखेंगे आधारशिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बांसवाड़ा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे राजस्थान को 42,000 करोड़ रुपए की माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना समेत 1.08 लाख करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान सरकार के 48 विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे, जिनकी कुल लागत 30,339 करोड़ रुपए से अधिक है। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी 15,000 युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र देंगे और पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बताया कि राजस्थान में होने वाले इस विकास कार्यक्रम से राज्य और देश की ऊर्जा सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। यह संयंत्र छोटी सरवन तहसील, बांसवाड़ा में स्थापित होगा और इसकी कुल क्षमता 2,800 मेगावाट होगी, जिसमें चार 700-700 मेगावाट की इकाइयां शामिल हैं। परियोजना की लागत 42,000 करोड़ रुपए है।



### सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बांसवाड़ा के नापला में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, डीजीपी राजीव शर्मा, एसीएस पीडब्ल्यूडी प्रवीण गुप्ता सहित संभागीय और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### इन परियोजनाओं का भी होगा उद्घाटन

- **63,683 करोड़** की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की आधारशिला
- **14,445 करोड़** की 7 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन
- **2,636 करोड़** की लागत से 116 अटल प्रगति पथ का निर्माण और सड़कों का चौड़ीकरण
- **5,884 करोड़** की वृहद पेयजल परियोजनाएं; ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करना
- **15,000 युवाओं** को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र और पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद
- **रेलवे परियोजनाएं:** बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस और उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना

### रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन के बोनस का तोहफा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस की घोषणा की। कैबिनेट ने इसके लिए 1,865.68 करोड़ रुपए के भुगतान को मंजूरी दी है। इस फैसले से 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारी लाभान्वित होंगे। परंपरा के अनुसार, बोनस का भुगतान दुर्गा पूजा/दशहरा से पहले किया जाएगा। इसके साथ ही, कैबिनेट ने बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन परियोजना के लिए 2,192 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी है। कुल मिलाकर बैठक में 94,916 करोड़ रुपए के आवंटन पर सहमति बनी।

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा... भर्ती रद्द होगी या नहीं, हाई कोर्ट करेगा निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में राजस्थान हाई कोर्ट की डबल बेंच के अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी है। इस फैसले से ट्रेनी थानेदारों की ट्रेनिंग और पोस्टिंग पर फिलहाल रोक बनी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट को आदेश दिया है कि वह इस मामले में तीन महीने में सुनवाई पूरी करे और अपील का निस्तारण करे। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस मनमोहन ने यह आदेश कैलाश चंद्र शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ट्रेनी अफसरों की फील्ड ट्रेनिंग पर भी रोक लगा दी है। एसएलपी में वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव शकधर और अधिवक्ता हरेंद्र नील ने पैरवी की। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में चयनित एसआई अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग में शामिल होने की अनुमति दी थी, लेकिन उनकी फील्ड पोस्टिंग पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस व्यवस्था को अस्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि मुख्य अपील पर अंतिम निर्णय होने तक किसी भी चयनित उम्मीदवार को ट्रेनिंग नहीं दी जाएगी। राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और चयनित अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अपनी दलीलें दीं।

### सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल अगले साल मई तक बढ़ा दिया है। वर्तमान में उनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होने वाला था।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने जनरल चौहान के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। यह विस्तार अगले वर्ष 30 मई 2026 तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा, जो भी पहले हो। जनरल चौहान 30 सितंबर 2022 से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों के सामरिक और सैन्य संचालन को नई दिशा मिली है।

### CBSE 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को घोषणा की कि अगले साल कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार, पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी। पहला चरण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 और दूसरा चरण 15 मई से 1 जून, 2026 तक होगा। वहीं, कक्षा 12 की परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। भारद्वाज ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिनों में पूरा किया जाएगा।

राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची पर आंदोलन ने पकड़ा उग्र रूप

## लेह में हिंसक प्रदर्शन 4 की मौत, 45 घायल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली। (एजेंसी)** लद्दाख की राजधानी लेह में बुधवार को हालात अचानक बिगड़ गए जब लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने परिषद सचिवालय भवन, भाजपा कार्यालय और कई वाहनों में आग लगा दी। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और गोलीबारी करनी पड़ी। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई और करीब 45 लोग घायल हो गए। लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार देने की मांग को लेकर दोनों संगठन लंबे समय से आंदोलनरत हैं। 10 सितंबर से 15 लोग भूख हड़ताल पर थे। मंगलवार को दो प्रदर्शनकारियों की तबीयत बिगड़ने के बाद युवाओं में गुस्सा भड़क गया और हिंसक विरोध की स्थिति बन गई।



### वांगचुक के भड़काऊ बयानों ने भीड़ को उकसाया: सरकार

लद्दाख में हिंसक घटनाओं के बाद केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया कि सोनम वांगचुक ने अपने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया। संयोगवश, इस हिंसक घटनाक्रम के बीच, उन्होंने अपना उपवास तोड़ दिया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोई गंभीर प्रयास किए बिना एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। सरकार ने कहा कि लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को संवैधानिक सुरक्षा के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। जनता से आग्रह किया गया है कि वे पुराने भड़काऊ वीडियो, मीडिया और सोशल मीडिया सामग्री साझा न करें और शांति बनाए रखें। उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।






## एकल बाजारों पर निर्भरता कम करे 'ग्लोबल साउथ': जयशंकर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली। (एजेंसी)** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर 'ग्लोबल साउथ' देशों की उच्च-स्तरीय बैठक में कहा कि विकासशील देशों को किसी एक बाजार या आपूर्तिकर्ता पर निर्भरता कम करनी होगी और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना होगा। उन्होंने निष्पक्ष आर्थिक प्रथाओं, दक्षिण-दक्षिण व्यापार एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने की अपील की। जयशंकर ने कहा कि वर्तमान समय में महामारी के झटकों से लेकर यूक्रेन और गाजा युद्ध, जलवायु परिवर्तन, अस्थिर व्यापार और निवेश प्रवाह जैसी चुनौतियां 'ग्लोबल साउथ' के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बहुपक्षवाद की अवधारणा ही संकट में है और आवश्यक



सुधारों में देरी का नुकसान अब स्पष्ट दिखने लगा है। विदेश मंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ को एकजुट होकर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में समान अवसर की मांग करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि विकासशील देशों को उत्पादन का लोकतांत्रिकीकरण करना होगा और संतुलित आर्थिक संबंधों के लिए स्थिर वातावरण तैयार करना होगा।




## सम्पादकीय

# हिंसा की चपेट में लेह, सावधानी जरूरी



लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने और इस क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांगों को लेकर लेह में जारी शांतिपूर्ण आंदोलन जिस तरह हिंसक हो उठा और जिसके नतीजे में चार लोग मारे गए और कई घायल हो गए, उसके पीछे कोई शरारत भी हो सकती है। इसका अंदेशा इसलिए होता है, क्योंकि हिंसा के दौरान भाजपा कार्यालय को आग लगाने के साथ लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के कार्यालय को क्षति पहुंचाई गई और सुरक्षा बलों के वाहनों को निशाना बनाया गया। यह आंदोलन इसलिए हिंसक उपद्रव में तब्दील हो गया, क्योंकि अनशन पर बैठे दो लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। लद्दाख की मांगों को लेकर आंदोलन भले ही लेह एपेक्स बाडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के नेतृत्व में हो रहा हो, लेकिन उसकी कमान मुख्यतः पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के हाथ में थी। लगता है वे अपने आंदोलन में शामिल लोगों और खासकर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं पर नियंत्रण नहीं रख पाए। यह ठीक है कि हिंसा भडक़ने के बाद उन्होंने अनशन समाप्त कर दिया और शांति की अपील की, लेकिन उन्हें इस पर गौर करना होगा कि उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसक तत्वों ने कैसे पटरी से उतार दिया? इस हिंसा का इसलिए कहीं कोई औचित्य नहीं था, क्योंकि गृह मंत्रालय ने 6 अक्टूबर को लद्दाख के प्रतिनिधिमंडल के साथ अगले दौर की बातचीत सुनिश्चित कर दी थी। यह बातचीत होने के पहले ही मांगों को मानने की जिद पकडऩे का कोई मतलब नहीं था। जब लद्दाख जम्मू-कश्मीर का हिस्सा था, तब इस क्षेत्र को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग होती थी। जब अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद उसे यह दर्जा मिल गया तो अलग राज्य की मांग पर जोर दिया जाने लगा। इसके औचित्य को सिद्ध करने वाले तर्क दिए जा सकते हैं, लेकिन उन पर जोर देने के लिए हिंसा की राह पर जाना दुर्भाग्यपूर्ण भी है और चिंताजनक भी। लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग करने वाले इस क्षेत्र के लिए अपना लोक सेवा आयोग भी चाह रहे हैं और एक के बजाय दो लोकसभा सीटें भी-एक लेह के लिए और दूसरी कारगिल के लिए। यह सही है कि जम्मू-कश्मीर का हिस्सा होने के दौरान लद्दाख को 370 के तहत जो विशेष अधिकार मिले थे, वे केंद्रशासित बनने के बाद समाप्त हो गए, लेकिन इस नतीजे पर पहुंचना सही नहीं होगा कि इससे क्षेत्र के लोगों की संस्कृति और जमीनों के लिए खतरा पैदा हो गया। ऐसा लगता है कि इस खतरे को भय के भूत की तरह खड़ा किया गया। जो भी हो, केंद्र सरकार को इस अशांत हो उठे क्षेत्र में शांति का माहौल बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि यह चीन और पाकिस्तान से लगा इलाका है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 25 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1340 - इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1524 - वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बनकर भारत आए।
- 1639 - अमेरिका में पहली प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत।
- 1654 - इंग्लैंड और डेनमार्क ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1846 - अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर क़ब्ज़ा किया।
- 1897 - ब्रिटेन में पहली बस सेवा की शुरूआत हुई।
- 1911 - फ्रांसीसी युद्धपोत लिब्रीटे में टूलॉन हार्बर पर विस्फोट से 285 लोगों की मौत।
- 1981 - मध्य अमेरिकी देश बेलीज संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1999 - आठवें सैफ खेलों का काठमांडू में उद्घाटन।
- 2000 - यमन में रिफ्ट वैली बुखार से 211 लोग मरे, सिडनी ओलम्पिक में 400 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक माइकल जॉनसन तथा केथीफ्रीमेन ने जीता।
- 2001 - सऊदी अरब ने तालिबान मिलिशिया से संबंध तोड़ा।
- 2003 - गयूम ने मालदीव के राष्ट्रपति का चुनाव छठी बार जीता।
- 2006 - पाकिस्तान के 60 वर्ष के इतिहास में पहली बार सिंध के थारपाकर ज़िले के निवासी हिन्द युवक दानेश को पाक सेना में शामिल किया गया। यमन के निवर्तमान राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह एक बार फिर देश के राष्ट्रपति निर्वाचित घोषित। अंतरिक्ष की सैर पर निकली ईरान की पहली महिला अनुशेह अंसारी ने देश के इतिहास में नया अध्याय रचा। दलाई लामा को भारतीय नागरिकता देने की मांग।
- 2007 - पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस (डेमोक्रेटिक) पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ।
- 2008 - चीन ने अंतरिक्ष यान 'शेंझो 7' का प्रक्षेपण किया।
- 2009 - भारतीय प्रवर्तन निदेशालय ने लगभग पाँच हज़ार करोड़ रुपये के हवाला नेटवर्क का भण्डाफोड़ किया।
- 25 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1969 - ब्रात्य बसु - भारतीय अभिनेता, मंच निर्देशक, नाटककार, फ़िल्म निर्देशक, प्रोफेसर और राजनीतिज्ञ हैं।
- 1960 - अजय कुमार मिश्रा - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ, 16वीं लोकसभा में राजनेता और संसद सदस्य हैं।
- 1914 - चौधरी देवी लाल - भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय राजनीति के पुरोधा, किसानों के मसीहा, महान् स्वतंत्रता सेनानी, हरियाणा के जन्मदाता।

## अन्त्योदय दिवस

# अन्त्योदय नये भारत का आधार: वंचित के उत्थान का संकल्प



ललित गर्ग



भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक चेतना में सदैव यह विचार रहा है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति-वह व्यक्ति जो सबसे अधिक उपेक्षित, वंचित और अभावग्रस्त है, उसके जीवन में भी सुख, सम्मान और समृद्धि का प्रकाश पहुँचे। यही विचारधारा अंत्योदय के रूप में प्रकट हुई। अंत्योदय केवल एक नारा या कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज-जीवन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। अंत्योदय दिवस इसी दर्शन की याद दिलाने और उसे व्यवहार में उतारने का अवसर है। यह दिवस हर वर्ष 25 सितम्बर को मनाया जाता है, क्योंकि यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि है। दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के सिद्धांत को भारतीय राजनीति और समाज के केन्द्र में स्थापित किया। उन्होंने कहा था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि उस सत्ता का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

आज गांव, गरीब और स्वराज में दीनदयाल उपाध्याय की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। अंत्योदय दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हमें यह स्मरण कराना है कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास यात्रा में शामिल हो सके। यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि योजनाएँ और नीतियाँ केवल कागज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जो वर्षों से उपेक्षा, गरीबी और अभाव का शिकार रहा है। आज भारत नए शिखरों की ओर अग्रसर है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक पहचान निरंतर बढ़ रही है। लेकिन यदि यह प्रगति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तो यह विकास अधूरा है। इसलिए अंत्योदय दिवस हमें विकास के मानवीय आयाम की याद दिलाता है। यह नागरिकों और नीति निर्माताओं को वंचितों का समर्थन करने की जिम्मेदारी का अहसास कराता है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है, और पूरे देश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित करता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे और एक प्रखर चिंतक, दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उनका सबसे बड़ा योगदान था-एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन। एकात्म मानववाद का अर्थ था कि मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई न माना जाए, बल्कि उसके जीवन के सभी आयामों-शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक का संतुलित विकास हो। उनका 'एकात्म मानववाद' का दर्शन व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता तथा आत्मनिर्भरता पर केंद्रित था। अंत्योदय का अर्थ था विकास की कसौटी पर यह देखना कि समाज में सबसे अंतिम व्यक्ति का जीवन कितना सुधर रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारी योजनाओं और प्रयासों की सफलता तभी मानी जाएगी जब सबसे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचे। दीनदयाल जी का यह दर्शन महात्मा गांधी की 'अंतिम जन' की अवधारणा से भी जुड़ा है। गांधीजी कहा करते थे कि किसी भी निर्णय से पहले यह सोचना चाहिए कि उसका लाभ सबसे अंतिम और सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचेगा या नहीं। दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विचार को राजनीतिक और आर्थिक विमर्श का आधार बनाया। आज जबकि समूची देश एवं दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लडऩे की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी अभाव, उपेक्षा एवं संघर्षरत लोगों के लिये पंडित उपाध्याय का 'अंत्योदय' एवं एकात्म मानववाद ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है।

'अंत्योदय' का शाब्दिक अर्थ है- 'अंतिम व्यक्ति का उदय'। इसका व्यावहारिक अर्थ है कि गरीब को जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ मिलें, किसान, श्रमिक, दलित, आदिवासी और वंचित वर्ग की समस्याओं का समाधान हो, समाज में कोई भी उपेक्षित या निराश्रित न रहे और आर्थिक असमानता घटे गरीबी का संबोधन खत्म हो ताकि सभी को समान अवसर मिलें। यह केवल आर्थिक उत्थान तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और आत्मनिर्भरता की स्थापना का भी संदेश है। आज भारत गरीबमुक्ति की ओर अग्रसर होकर इसी विचार एवं दर्शन को मजबूती दे रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाने निर्णय इसलिये लिया गया कि उन्होंने जीवनभर वंचितों, गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए चिंतन और कार्य किया।

# राष्ट्र कल्याण हेतु पांच सूत्रीय संकल्प की प्रतिबद्धता



डॉ. सुधाकर आशावादी

*इस संदर्भ में व्यापक चर्चा करें तो स्पष्ट होगा, कि स्वाधीनता के उपरांत से जिस प्रकार राजनीतिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए कुछ राजनीतिक दलों व के अलम्बरदारों द्वारा समाज को जातियों तक सीमित करके ऊँच नीच, दलित सवर्ण, अगड़ा पिछड़ा, की खाई चौड़ी करके राष्ट्र की जगह जाति, धर्म, क्षेत्र भाषा के नाम पर अलगाव उत्पन्न किया गया*

किसी की राष्ट्र की समृद्धि नागरिकों के सकारात्मक चिंतन एवं राष्ट्र के प्रति नागरिक कर्तव्यों के समर्पित निर्वहन से होती है। नागरिक कर्तव्य सिखाए नहीं जाते, ये आत्मबोध का विषय होते हैं। भारत जैसे बहुसांस्कृतिक राष्ट्र में जहां आम जन के रीति रिवाजों और जीवन शैली में अंतर है तथा भौगोलिक परिस्थितियाँ भी भिन्न हैं, वहां सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के मुद्दे पर सामूहिक प्रयास अपेक्षित हैं। साथ ही कुछ ऐसे बिंदुओं पर आम नागरिकों का राष्ट्र के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अनिवार्य है, जिनसे राष्ट्र की एकता व अखंडता को सुदृढ़ किया जा सके। यह पांच सूत्र हैं - सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन , पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य। इन मुद्दों पर यदि किसी संस्थागत, व्यक्तिगत, दलगत, क्षेत्रवाद व भाषावाद के विचार से ऊपर उठकर चिंतन किया जाए तथा इनको अपने आचरण में समाहित करते हुए सृजनात्मक प्रयास किए जाएं, तो अवश्य ही भारत विश्व में महाशक्ति के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकता है।

भारत की समृद्धि के लिए अत्याधुनिक तकनीकी समृद्धि तक सीमित न रहते हुए यदि व्यवहारिक रूप से पंच परिवर्तन हेतु आम नागरिक स्वयं को समर्पित करे, तो अवश्य ही देश में उत्पन्न की गई अनेक समस्याओं का स्वतः निदान हो जाएगा। इस संदर्भ में व्यापक चर्चा करें तो स्पष्ट होगा, कि स्वाधीनता के उपरांत से जिस प्रकार राजनीतिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए कुछ राजनीतिक दलों व के अलम्बरदारों द्वारा समाज को जातियों तक सीमित करके ऊँच नीच, दलित सवर्ण, अगड़ा पिछड़ा, की खाई चौड़ी करके राष्ट्र की जगह जाति, धर्म, क्षेत्र भाषा के नाम पर अलगाव उत्पन्न किया गया, उस अलगाव को सामाजिक समरसता से मिटाया जा सकता है। बरसों से जातीय भेदभाव को मिटाने के लिए एक संस्था सक्रिय है, जो समूह भोज के माध्यम से सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। कुछ पंथ हैं, जो समाज में कर्म आधारित व्यवस्था के पक्षधर हैं तथा मानवता के प्रति समर्पित हैं। महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज इस क्षेत्र में डेढ़ शताब्दी से जुटा है। सिख पंथ की मानव सेवा सामाजिक समरसता का मानक है। अन्य अनेक ऐसे पंथ हैं, जो सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए पूर्ण समर्पित हैं।

दूसरा परिवर्तन बिंदु है - कुटुंब प्रबोधन। इस सन्दर्भ में अपनी साझा संस्कृति एवं समृद्ध पारिवारिक परंपराओं का स्मरण करना अनिवार्य है, कि समाज की पहली इकाई परिवार होता है। परिवार से ही संस्कार प्राप्त होते हैं तथा सेवा, सहयोग, समर्पण व आज्ञाकारिता जैसे मूल्य बालक में विकसित होते हैं, जो राष्ट्र के सकारात्मक निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। यदि समाज की पहली इकाई को सशक्त किया जाए तथा भौतिक सुख सुविधाओं के आधार पर जीवन यापन के लिए अपनाए जाने वाले एकल परिवार की विचारधारा पर गंभीर चिंतन किया जाए, तो पुनः कुटुंब की व्यवस्था के अनुपालन से पारिवारिक समृद्धि तो होगी ही साथ ही पारिवारिक सुरक्षा का भाव भी प्रत्येक के मन में जागृत रहेगा।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



**श्री मनोज भट्ट**
(सेवानिवृत डीजीपी राजस्थान)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं सेवानिवृत डीजीपी राजस्थान श्री मनोज कुमार भट्ट। 23 जुलाई सन 1957 को राजस्थान के उदयपुर जिले में जन्में मनोज भट्ट साहब । डीएचआरएमए बीएससी (रसायन विज्ञान वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान) सीडीएमए एमएससी (जीवन विज्ञान, प्रेक्षा ध्यान और योग) उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाणपत्र, ऑस्टियोपैथी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए और महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर के पद से सेवा निवृत हुए हैं। एक शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में इन्हे याद किया जाता है। ये महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, मु यालय, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, योजना एवं कल्याण,राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, खुफिया जयपुर।

पुलिस महानिरीक्षक, खुफिया जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक पुलिस मु ख्यालय, जयपुर। पुलिस उप.महानिरीक्षक मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, जयपुर। पुलिस उप.महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज, भरतपुर। उप.महानिरीक्षक पुलिस महानिरीक्षक, अजमेर रेंज अजमेर। पुलिस उप.महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज, भरतपुर।पुलिस अधीक्षक,चित्तौडग़ढ़। निदेशक, सतर्कता आरएसईबी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, अलवर। पुलिस अधीक्षक, सिरोही। एएसपी अजमेर शहर रहे। 26.जनवरी सन 1997 को इन्हे पुलिस पदक से नवाजा गया। 15.अगस्त सन 2006 राष्ट्रपति पुलिस पदक से इन्हे सम्मानित किया गया। शानदार अधिकारी के रूप में इन्होंने अपनी लंबी पारी खेली।

- रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# नवरात्रि में ये 4 फूड्स खाकर आप भी कर रहे हैं बड़ी गलती?

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर 2025 से शुरू हो गए हैं। इस दौरान माता रानी के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है और व्रत रखा जाता है। जो लोग व्रत रखते हैं वो इस दौरान फलाहार का सेवन करते हैं इसके साथ ही कुछ ऐसी गलतियां भी कर देते हैं जिससे माता रानी नाराज हो सकती है। दरअसल, नवरात्रि में व्रत रखने वाले लोग अक्सर सोचते हैं कि फलाहार और व्रत वाले फूड्स हमेशा सेहतमंद होते हैं। लेकिन सच तो यह है कि नवरात्रि में खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर के लिए नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं। इन्हें हेल्दी समझकर रोज डाइट में शामिल किया जाता है, जबकि असल में ये गैस, एसिडिटी, शुगर लेवल बढ़ाने और वजन बढ़ाने जैसी समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

अगर आप भी पूरे 9 दिनों तक व्रत रखते हैं और फिट रहना चाहते हैं, तो इन 4 फूड्स से दूर रहना ही बेहतर है। आइए जल्दी से जान लेते हैं उन चार हानिकारक फूड्स के बारे में जो सेहत खराब कर सकते हैं।

1. तले हुए आलू के चिप्स -नवरात्रि में लोग आलू से बने चिप्स और फ्राई चीजें खूब खाते हैं। ये स्वादिष्ट तो होते हैं लेकिन डीप फ्राई होने के कारण इनमें अनहेल्दी फैट और कैलोरी बहुत ज्यादा होती है। बार-बार खाने से वजन बढ़ सकता है और पाचन बिगड़ सकता है। अगर आप अपनी सेहत को बेहतर रखना चाहते हैं तो नवरात्रि में तले हुए आलू के चिप्स न खाएं। 2. साबूदाना खिचड़ी -साबूदाना व्रत का एनर्जी फूड माना जाता है, लेकिन इसमें कार्बोहाइड्रेट बहुत ज्यादा और फाइबर बेहद कम होता है। अगर इसे रोजाना ज्यादा मात्रा में साबूदाना खिचड़ी खाई जाए या उससे बने अन्य पकवान खाए जाएं तो वो ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकता है और जल्दी भूख भी लगाता है।

3. व्रत वाली नमकीन- अक्सर लोग व्रत में नमकीन खाते हैं जिसे व्रत वाली नमकीन कहा जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि पैकेट वाले फूड्स सेहत के लिए सही नहीं होते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक मामले में आपको पूरी निगरानी बनाए रखनी होगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपका किसी चल-अचल संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके में लिए धन के मामले में थोड़ा सावधान रहने को रहेगा। आप अपने करीबियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहेंगे। यदि अपने जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जाएं, तो आप उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। तकनीकी समस्या के कारण आप परेशान रहेंगे। प्रॉपर्टी को लेकर कोई मुद्दा छिड़ सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका बिजनेस बेहतर चलेगा और आप अपने कुछ नई योजनाओं को लेकर कहीं बाहर भी जा सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है, लेकिन आप अपने ऊर्जा को सभी कामों में लगाएं, क्योंकि कार्यक्षेत्र में कोई आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। आपके पिताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होगी। यदि जीवनसाथी से आपने कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। मित्रों और सगे संबंधियों से आपकी खूब पटेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपके मन में ईर्ष्या की भावना बनाए रखेंगे। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कानूनी मामले में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपनी आय और व्यय में भी तालमेल बनाकर चलना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आज आपको काम को लेकर टेंशन रहेगी और आपकी किसी सदस्य से कहासुनी होने की संभावना है। जीवनसाथी को नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं।

## भाजपा का सेवा पखवाड़ा अभियानः निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों ने लिया परामर्श



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कुंडेरा मंडल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।

जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि परामर्श शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेशचंद जैन,डॉ भरत मथुरिया, जिला महामंत्री विनोद अटल, जगदीश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा,पूर्व प्रधान सूरज मल बैरवा, पूर्व जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह राठौड उपस्थित रहे ।शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ,जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के दिन से चल रहे सेवा पखवाड़ा में जिले भर में अब तक किए गए कार्यों के बारे में बताया! शिविर में सामान्य चिकित्सालय के चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉ अतुल जैन, एपेक्स सेविका हॉस्पिटल के चिकित्सक शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष शर्मा, राजकीय जिला आर्युवेदिक चिकित्सालय चिकित्सक डॉ अंजली शर्मा एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्वा चौधरी ने परामर्श दिया, चिकित्सा परामर्श शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने निःशुल्क परामर्श लिया । इस दौरान मंडल महामंत्री हरिमोहन जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवल सैनी,पवन शर्मा, पवन मुद्गगल, बच्चू सिंह जाट, परमानंद गर्ग, सीताराम जाट, घनश्याम जाट,मदन बाबूजी,नाथूलाल मीणा,रघुनंदन शर्मा, भागचंद सैनी, इंद्रजीत शर्मा एवं श्रीचंद मीणा उपस्थित रहे।

## सेवा शिविरों उद्देश्य आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करना - ऊर्जा मंत्री हीरालाल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (रोशन शर्मा)।** जिला प्रभारी व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को उनियारा नगरपालिका परिसर में चल रहे शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही विभागवार स्टॉल का अवलोकन करके अधिकारियों व कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय विधायक राजेन्द्र गुर्जर, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चैहान ,भाजपा जिला महामन्त्री प्रभु बाडोलिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन मौजूद थे।



जिला प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इन शिविरों में आकर सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। नागर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से शुरु किए गए सेवा पखवाड़े के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जन-जन की सेवा देश के प्रधानमंत्री का संकल्प है। इसलिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशानुसार अधिकारी इन शिविरों में सेवा भावना के साथ कार्य करके लोगों की समस्याओं का समाधान करके राहत प्रदान करें।अगर किसी समस्या का समाधान विधिसम्पत रुप से सम्भव नही है तो परिवादी को इसके बारे में बताएं।

## सुरभि मेडिकल की अपील खारिज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** बजरिया सवाई माधोपुर में चौथ का बरवाड़ा बस स्टैंड क्षेत्र में बांगड़ कटला में स्थित सुरभि मेडिकल स्टोर की अपील याचिका संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा विभाग, जयपुर द्वारा विगत दिनों खारिज कर दी गई है। अपील खारिज होने पर सवाई माधोपुर औषधि नियंत्रण अधिकारी ने सुरभि मेडिकल, सवाई माधोपुर का लाइसेंस 25 सितंबर से 30 सितंबर तक निलंबित कर दिया है। अपीलीय अधिकारी एवं संयुक्त शासन विभाग सचिव ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सुरभि मेडिकल द्वारा बरती गई अनियमिताओं को देखते हुए राहत देना संभव नहीं है ऐसे में अपील खारिज करना योग्य है! आदेश में औषधि नियंत्रक सवाई माधोपुर को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश की अक्षरः पालन कराई जाए साथ ही इस आदेश की तामिल सुरभि मेडिकल को भी कराई जाए।

**शहरी सेवा शिविर**

# देवारायण बोर्ड अध्यक्ष एवं सम्भागीय आयुक्त ने किया निरीक्षण, लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** प्रदेश में आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बन रहे हैं। देवारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाणा एवं सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने बुधवार को नगर परिषद सवाई माधोपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 17, 54, 55, 56 के कलेक्ट्रेट के पीछे मानटाउन विद्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर जनता से संवाद स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का हाथों-हाथ लाभ प्रदान किया।

शहरी सेवा शिविरों में देवारायण बोर्ड अध्यक्ष एवं सम्भागीय आयुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्टॉलवार विभागों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर आमजन को योजनाओं के बारे में अधिकाधिक जागरूक कर लाभान्वित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान सुशासन और पारदर्शिता की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसमें प्रशासन जनता के द्वार पर खड़ा है। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनाधार, सफाई एवं आवारा पशु संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में



जिला प्रशासन, नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान और अधिक प्रभावी बन रहा है। अधिकारी व कार्मिक इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी की दरों में कमी कर के प्रत्येक वर्ग को दीवाली का उपहार दिया है, जिसके लिए हम सभी उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब में कमी होने से आमजन की क्रय शक्ति बढ़ेगी व देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। इस दौरान नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया ने शिविरों का लाभ उठाने के लिए आमजन से अपील की एवं क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### किशोर कुमार को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

मुख्य अतिथियों ने शिविर में मृतक सफाई कर्मचारी सुगल के पुत्र किशोर कुमार अनुकम्पा नियुक्ति प्रमाण पत्र, श्रीकान्त पाण्डेय एवं जानकी जैन को ट्रेड लाईसेंस, आयशा गुर्जर को संशोधित जन्म प्रमाण पत्र, हनुमान लोढ़ा को संशोधित पट्टा, भरतलाल को पट्टा वितरण, डॉ. पवन आई हॉस्पिटल को फायर एनओसी, एसएस फूड एक्सप्रेस सर्विस को ट्रेड लाईसेंस, मृतक आश्रितों को पट्टे, जन्म-मृत्यु पंजीयन सर्टिफिकेट सहित अनेक कार्यो के प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

## ईसरदा बांध का मोदी आज करेंगे बांसवाडा से वर्चुअली लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (रोशन शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार की दोपहर को बांसवाड़ा में ईसरदा बांध परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ईसरदा- दौसा पेयजल परियोजना पैकेज तीन का भी शिलान्यास करेंगे। ईसरदा बांध परियोजना विभाग ने इसकी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। ईसरदा बांध परियोजना एक्सईएन विकास गर्ग ने बताया कि बनेठा स्थित ईसरदा बांध कार्यालय में बृहस्पतिवार दोपहर को लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लाइव कार्यक्रम दिखाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ईसरदा बांध परियोजना के प्रथम चरण का कार्य लगभग 921.21 करोड रुपए की लागत से पूरा हो चुका है,यह योजना केंद्र सरकार की महत्त्वपूर्ण पेयजल योजना में शामिल हैं। ईसरदा बांध परियोजना का प्रथम चरण का कार्य पूरा होकर इस साल 253 आरएल मीटर तक पानी रोककर टेस्टिंग पूरी की जा चुकी है सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जनवरी 2026 से दौसा तक पानी पहुंचाने की योजना जल संसाधन विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सानिध्य में शुरू की जाएगी। बृहस्पतिवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईसरदा -दौसा जलापूर्ति परियोजना के क्लस्टर पैकेज 6 के अन्तर्गत सवाई माधोपुर जिले के 177 गांवों एवं बौली उपखंड मुख्यालय के लिए एचएफटीसी प्रदान करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में 260.62 करोड़ रुपए की जल आपूर्ति योजना का बांसवाड़ा में शिलान्यास करेंगे।

यह राजस्थान का पहला बांध है जो दो जिले टोंक एवं सवाई माधोपुर जिले की सीमा के मध्य बनास नदी में बीसलपुर बांध के 90 किलोमीटर नीचे बनेठा कस्बे के समीप बनाया गया है। इसमें 28 गेट बनाए गए हैं,यह बांध 921.21 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है।

ईसरदा बांध परियोजना एक्सईएन विकास गर्ग ने बताया कि प्रथम फेज का ईसरदा बांध बनने के बाद 253 आरएल मीटर तक पानी भर दिया गया है। इस बार भराव क्षमता का करीब 30 प्रतिशत अर्थात 3.24 टीएमसी पानी रोका गया है। ईसरदा बांध राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत दौसा ,बांदीकुई आदि बांधों में पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी। इससे बांधों के आसपास के क्षेत्र एवं जयपुर जिले को भी पानी मिल सकेगा।

सेवादल एक केडर आधारित संगठन है ना की व्यवस्था आधारित

# जिला कांग्रेस सेवादल संगठन सहयोगी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कांग्रेस सेवादल सवाईमाधोपुर द्वारा संगठन सृजन प्रशिक्षण अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित शिवम मैरिज गार्डन आलनपुर में बुधवार से तीन दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ ध्वज वंदन के साथ शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय सेवादल की राष्ट्रीय महासचिव व प्रशिक्षिका सुश्री प्यारी जानकी ने ध्वज नायक के रूप में ध्वज वंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि जोन प्रभारी राजेंद्र सिँह अडवाना, संभाग प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान पीसीसी सदस्य लईक अहमद, चौथ का बरवाड़ा प्रधान सम्पत पहाडिया,गाँधी दर्शन के जिला संयोजक विनोद जैन, पार्षद राजेश पहाडिया, नगर अध्यक्ष मोहन मंगल, इंद्रजीत दुबे, विक्की सिसोदिया, सुबह सिँह सेमडा रहे। ध्वज वंदन के बाद प्रथम सत्र में प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने



अपने उदबोधन मे कहा कि सेवादल एक केडर आधारित संगठन है ना कि व्यवस्था आधारित, सेवादल, कांग्रेस का मजबूत स्तम्भ है।

इस दौरान अध्यक्ष शेखावत ने बताया कि सेवादल को आजादी के आंदोलन के समय राष्ट्र ध्वज की सुरक्षा का दायित्व दिया गया था, सेवादल का इतिहास गौरवमय व बलिदान वाला रहा है। राष्ट्रीय प्रशिक्षका प्यारी जानकी ने बताया कि इस शिविर में भीड़ नहीं केडर आधारित स्वेत सैनिक ही चाहिए। संगठन को क़्वाटिटी नहीं क़्वालिटी वाले स्वेत सैनिक चाहिए। इस दौरान पीसीसी सदस्य लईक अहमद, जिला संयोजक विनोद जैन, नगर अध्यक्ष मोहन मंगल पार्षद राजेश पहाडिया, प्रधान सम्पत पहाडिया आदि ने सम्बोधित किया। द्वितीय सत्र में राजेंद्र सिंह अडवाना ने संगठन के स्वरुप की जानकारी देते हुए कहा कि सेवादल को अब बूथ लेवल तक लें कर जाना है! शिविर के द्वितीय दिन सांसद हरीश चंद्र मीणा, बामनवास विधायक इंदिरा मीणा जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कल शिविर के द्वितीय सत्र के बाद शिविर स्थल से अम्बेडकर सर्किल तक संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकली जाएगी। शिविर में महिला सेवादल जिला अध्यक्ष मीनू कुमारी मीणा सेवादल यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अनुज कुमार गौत्तम, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी ऋषिकेश मीणा, लक्ष्मी कांत मीणा, कुद्दूस खान, जाकिर शाह, साहिन अंसारी, लड्डू लाल सैनी, चंद्रकला सैनी,शंकर लाल सैनी, तब्बसूम बानो, विजय राव, शिवराज सैनी, गीता देवी, रामजीलाल बैरवा बादाम देवी सहित जिले के स्वेत सैनिकों ने भाग लिया।

### राजस्थानी परम्परा से होगा पर्यटकों का स्वागत

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितम्बर को सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर देशी/विदेशी पर्यटकों का स्वागत पारम्परिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ किया जाएगा। उप निदेशक पर्यटक स्वागत केन्द्र मधुसूदन ने बताया कि पर्यटक स्वागत केन्द्र सवाई माधोपुर द्वारा 27 सितम्बर को प्रातः 7:30 बजे रेलवे स्टेशन पर देशी/विदेशी पर्यटकों का माल्यार्पण एवं तिलक कर स्वागत किया जाएगा।

**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद्, टोंक**

क्रमांक : स्टोर/नीलामी/2025-26/3042 दिनांक : 12.09.2025

**सार्वजनिक नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि वि. जिला परिषद् टोंक के नकारा/अनुपयोगी सामान लोहे, प्लास्टिक व लकड़ी के नकारा / अनुपयोगी सामान की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 01.10.2025 को, जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में दोपहर 1.00 बजे से प्रारंभ की जाएगी जिसका पुस्तक मूल्य 85484/- रुपये है। नीलामी के संबंध में अन्य जानकारी / विस्तृत शर्ते कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है अथवा sppp पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) एवं विभागीय वेबसाइट http://agriculture.rajasthan.gov.in/agriculture पर देखी जा सकती है।

NIB No. AGR2526A0431
UBN No. AGR2526GSOB00472

(वीरेन्द्र सिंह सोलंकी)
संयुक्त निदेशक
कृषि विस्तार जिला परिषद् टोंक

DIPR/C/13758/2025

## फर्जीवाड़ा कर लाखों का भुगतान उठाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# ग्राम पंचायत गावड़ी के मनरेगा कार्यों में चल रहा है भ्रष्टाचार

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रही मनरेगा कार्यों में यहां सरपंच और कार्य से संबंधित अधिकारी पर फर्जीवाड़े के आरोप लग रहे हैं । यहां मनरेगा के ग्रामीण विकास कार्य भ्रष्टाचार से अछूते नही है। देवली उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गावड़ी में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रही मनरेगा मैं होने वाले कार्य फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ रहे हैं । ऐसा ही मामला सामने आया है । इस मामले में ग्राम पंचायत गावड़ी के ग्रामीणों ने पूर्व में भी कई शिकायतें उपखंड अधिकारी देवली को दी गई। लेकिन अधिकारी इसमें कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसलिए कि ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई इसकी कोई पारदर्शिता ग्रामीणों के बीच नहीं आई है। शायद इसी सुस्त रवैया के कारण मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी कम नहीं हो रहा है। ऐसी ही एक शिकायत ग्राम पंचायत गावड़ी के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी को लिखित में देते हुए लाखों रुपए का फर्जी भुगतान उठाने के मामले की जांच की मांग की है। मामला यह है की गाड़ी ग्राम पंचायत में ग्रेवल सडक़ में फर्जी मस्टररोल भरकर राशि उठाने का आरोप ग्रामीणों ने सरपंच और कार्य से संबंधित अधिकारियों पर लगाया है । आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने देवली उपखण्ड अधिकारी को लिखित शिकायत दी है। जिसमें ग्रामीणों ने,उपखंड अधिकारी को बताया कि देवली उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गांवड़ी में मनरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत ग्रेवल सडक़ में फर्जी मस्टररोल भरकर लाखों रुपए की राशि फर्जीवाड़ा कर उठा ली गई है।



इस पर उपखंड अधिकारी ने उक्त मामले की जांच को लेकर पंचायत समिति विकास अधिकारी को निर्देश दिए है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को जानकारी में बताया कि गांवड़ी पंचायत अंतर्गत ग्राम सीतारामपुरा में बाबा रामदेवजी के मंदिर से ग्राम भीवड़ावास तक ग्रेवल सडक़ का कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत हुआ है। उक्त कार्य में सरपंच और कार्य से संबंधित अधिकारी ने आपसी मिलीभगत से फर्जी मस्टररोल भरकर लगभग 14 लख रुपए भुगतान प्राप्त कर लिया गया है। जबकि उक्त ग्रेवल सडक़ मौके पर बनाई ही नहीं गई है। ग्रामीणों का आरोप है की ना ही किसी सक्षम अधिकारी ने कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया है। जिससे दोनों ग्रामों के ग्रामवासियो को आने-जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। विशेष कर बारिश के समय उक्त रास्ता पूर्ण रूप से बंद हो जाता है। वर्तमान में उक्त रास्ता ग्राम पंचायत मुख्यालय से पूर्ण रूप से कटा हुआ है। ऐसी स्थिति में रास्ते को अविलंब बनवाया जाना न्यायोचित है। ग्रामीणों ने बताया इस संबंध में कई बार पंचायत प्रशासन से संपर्क कर रास्ता बनाने की गुहार लगा चुके है, लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन ने उक्त रास्ता बनाने से मना कर दिया गया है। ग्रामीणों ने उक्त स्वीकृत ग्रेवल सडक के मस्टररोल की निष्पक्ष जांच करवाकर उक्त रास्ते को अतिशीघ्र बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने में सुरेश मीणा,विक्रम मीणा,बाबू लाल, लालाराम,मेवाराम,रविंद्र मीणा रमेश मीणा सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर खण्ड-द्वितीय (उत्तर), मिस्त्रीखाना, जयपुर**

E-mail : xen2njpr@gmail.com Tel. 0141-2311727

क्रमांक : अअ/नख-II(उ.)/25-26/1714-34 दिनांक : 23.09.2025

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से संधारण / संचालन कार्य करने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हेतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देख सकते हैं।

1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in 2. http://www.sppp.rajasthan.gov.in

| S.No. | NIT Number | UBN Code |
|---|---|---|
| 1. | 12/2025-26 | PHE2526ESRC06363 |

(संजय कुमार शर्मा)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
नगर खण्ड-II (उ.) जयपुर

DIPR/C/13906/2025

# सेवा पखवाड़े का उद्देश्य अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना-सिंह

## जो कार्य साल के अंत में शुरू किया जाना था पहले हुई शुरुआत-शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र स्थित सेवा पख़वाड़े का निरीक्षण करने पहुंचे जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने शिविर का अकस्मात निरिक्षण किया इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत मौजूद रहे। जिला प्रभारी विजय सिंह ने शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को भूमि के पट्टे, विशेष योग्यजन को ट्राई स्कूटी, विवाह प्रमाण पत्र सहित गोद भराई तक के लाभार्थियों का सम्मान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना औऱ स्वच्छ भारत मिशन के लाभार्थियों को भी सहायता राशि का चैक देकर सम्मान किया। सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिनांक से सेवा पख़वाड़े की शुरुआत जो हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की है वह काबिले तारीफ है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने गरीब, अमीर की खाई को ख़त्म करने के लिए शहरी औऱ ग्रामीण सेवा पख़वाड़े की शुरुआत की है जिसकी बदौलत भाजपाईयों का सीना गर्व से अविभूत हो रहा है। अब भाजपा का ग्राफ तेज गति से बढ़ रहा है। वहीं स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि जिस कार्य की शुरुआत वर्ष के अंत में होनी चाहिए थी उसकी शुरुआत हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष की शुरुआत में ही कर दी है जो जनहित में है। इस सेवा पख़वाड़े से आमजन को काफ़ी राहत मिल रही है औऱ अधिशेष लाभार्थियों को सेवा पख़वाड़े के अन्तिम दिनांक तक मिल जाएगी। वहीं कार्यक्रम के बाद विभिन्न समाजों द्वारा जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह औऱ स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत का माला साफा पहनाकर औऱ बुक्का देकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा द्वारा प्रभारी मंत्री औऱ स्थानीय विधायक का सम्मान किया गया। वहीं उपजिला अस्पताल में चल रहे रक्तदान शिविर का भी प्रभारी मंत्री औऱ विधायक ने निरीक्षण किया तथा रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन काल में निष्क्रिय अधिकारीयों द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर सम्बंधित अधिकारीयों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़, अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव, उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ राजेश यादव, बीसीएमओ डॉ जीतेन्द्रसिंह, बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक सहित, नगर पालिका स्टॉफ, उपजिला अस्पताल स्टॉफ, पुलिस थाना स्टॉफ सहित लाभार्थी औऱ रक्तदाताओं सहित काफ़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।



# ऐश्वर्या कॉलेज में ऐश्वर्या अवार्ड फिट किड योगी 2025 समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज में ऐश्वर्या अवॉर्ड-फिट किड योगी 2025 कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए 100 से अधिक विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योग प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को योग और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह का शुभारंभ अतिथि, प्रोफेसर पेसिफिक कॉलेज डॉ. वत्सला सिंह और साइकोलॉजिस्ट अक्षरा दामले ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रभारी शमील शेख ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके योग कौशल के लिए प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने विभिन्न योग आसनों का शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. रेखा शर्मा ने योग साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक है। डॉ. रक्षा शर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। इस अवसर पर अतिथि डॉ. सिंह ने कहा कि आयुर्वेद और योग एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ आयुर्वेद शरीर को स्वस्थ रखता है, वहीं योग मन को शांति देता है और रोगों से लडऩे की शक्ति प्रदान करता है।इस अवसर पर अतिथि दामले ने कहा कि योग के आसन, प्राणायाम और ध्यान से मस्तिष्क में सकारात्मक बदलाव आते हैं, जिससे एकाग्रता और स्मृति में सुधार होता है। समारोह का संचालन कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अंत में डॉ. हीना श्रीमाली ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। यह आयोजन बच्चों में योग के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा।

## अग्रवाल महिला समाज द्वारा होगा डांडिया व गरबा 25 सितम्बर को

**बढ़ता राजस्थान,हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में 25 सितम्बर गुरुवार दोपहर 3.00 बजे से महिलाओं द्वारा डांडिया ब गरबा का किया जायेगा भव्य आयोजन अग्रवाल समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका और अग्रवाल समाज महामंत्री पूजा सिंघल ने बताया कि डांडिया और गरबा में विजेताओं का सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल महिला समाज की अध्यक्ष गीता पार्षद करेंगी तथा डांडिया महोत्सव में अग्रवाल समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य एवम अग्रवाल समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका एवं अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे जो की डांडिया व गरबा में विजेताओं का निर्णय कर उनका सम्मान करेंगे समाज अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य समाज एवं महिला समाज अध्यक्ष गीता पार्षद और महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने अपील की है कि अग्रवाल महिला समाज की अधिक से अधिक महिलाएं डांडिया एवं गरबा में भाग ले कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं स्वयं लहंगा चुन्नी पहन के आए व अपने डांडिया साथ में लाए गरबा एवं डांडिया हेतु बस गौशाला से चोपड होते हुए बयाना मोड होते हुए जैन मंदिर मोड और पत्थर बालों की धर्मशाला होते हुए कार्यक्रम स्थल अग्रसेन कन्या महाविद्यालय जायेगी कार्यक्रम के समापन के उपरांत भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है ।

## जैन महिला मंच ने किया डांडिया धमाल



**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** जैन महिला मंच ने नवरात्रि महोत्सव के दौरान डांडिया धमाल का कार्यक्रम आयोजित किया।

मंत्री ज्योति जैन ने बताया कि इसमें बेस्ट डांडिया जोड़ी, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट परफोर्मेंस और साथ ही 10. सांत्वना,पुरूस्कार एवं सभी मंच सदस्याओं के लिए आकर्षक उपहार भी दिये गये। सभी उपहार मुक्ता कोठारी,ज्योति जैन व स्नेह लता चैरडिय़ा, पुष्पा कंठालिया की ओर से दिये गये। प्रोग्राम की संयोजक दीपिका पोखरना व शिल्पा कोठारी थी। मंच अध्यक्ष वंदना बाबेल ने सभी अतिथियों व मंच मेंबर का स्वागत किया। आभार मंत्री ज्योति जैन ने दिया। बेस्ट क्वीन का पुरूस्कार दिप्ती तलेसरा, विघा जैन को, बेस्ट डांडिया का शिल्पा जैन, शशि मेहता, बेस्ट ड्रेस रानी बोहरा, ममता जैन, बेस्ट जोड़ी का रिया जैन, नेहा रांका को प्रदान किये।

## अजमेर की धार्मिक नगरी पुष्कर में मांसाहार विवाद : पुष्कर के पुरोहितों में उबाल

**बढ़ता राजस्थान, अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले की धार्मिक नगरी पुष्कर में जो की अपनी धार्मिक पवित्रता और तीर्थ नगरी की पहचान के लिए संपूर्ण विश्व प्रसिद्ध है, वहां कुछ होटलों और ढाबों में खुलेआम मांसाहार परोसे जाने की जानकारी पुरोहित वर्ग ने सामने लायी। इस पर स्थानीय पुरोहित और श्रद्धालु गहरी चिंता और आक्रोश जता रहे हैं। इस गंभीर विषय पर नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा ने तुरंत सक्रियता दिखाई। उन्होंने पुरोहितों की बात काफी तन्मयता और ध्यानपूर्वक सुनी और पूरे मामले की विस्तृत मौखिक जानकारी ली। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ नगरी की धार्मिक पवित्रता को ठेस पहुँचाने वाले किसी भी मामले पर त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुरोहितों का कहना है कि तीर्थ नगरी में मांसाहार की अनुमति देना न केवल धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है, बल्कि शहर की आध्यात्मिक पवित्रता को भी ठेस पहुँचाता है। उनका यह भी कहना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो पुष्कर की तीर्थ नगरी की शांति और धार्मिक माहौल पर असर पड़ेगा। उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने भी मामले की तत्काल जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने होटल संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन न केवल कानून बल्कि तीर्थ नगरी की पवित्रता के खिलाफ होगा। स्थानीय लोग और पुरोहित संघ प्रशासन से अपील कर रहे हैं।

# विप्र बंधुओं ने अग्रवाल समाज सूरौठ के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अग्रवाल समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम गोयल पटवारी, युवा अध्यक्ष दीपक सिंघल व उपाध्यक्ष गणेश सिंघल का ब्राह्मण समाज के सदस्य पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज,रिंकू शर्मा, केशव शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा ने बुधवार को माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से किया भव्य स्वागत सम्मान, जिसमें घनश्याम गोयल पटवारी को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया वहीं महामंत्री देवानन्द गुप्ता उपाध्यक्ष सेवाराम गोयल कोषाध्यक्ष विष्णु मंगल भुकरावली वालों को मनोनीत किया गया इसके साथ ही युवा संगठन के चुनावों में अध्यक्ष दीपक सिंहल, महामंत्री प्रकाश गोयल , उपाध्यक्ष गौरव सिंघल कोषाध्यक्ष अनिल सिंहल जटवाड़ा वाले, मिडिया प्रभारी प्रसून मित्तल, संरक्षक राहुल गोयल एवं पिंटू गोयल को बनाया गया तथा युवा कार्यकारणी सदस्य के लिए नितिन गुप्ता,राजू गोयल, दीपक गोयल ,रवि मित्तल,राज गोयल एवं जतिन गोयल को मनोनीत किया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई और समाजहित में कार्य करने की बात कही यह चुनाव अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर प्रभुदयाल सिंहल, केदार लाल गुप्ता, घनश्याम मंगल आदि के देख-रेख में सम्पन्न हुए । इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सतीश जिन्दल, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, विष्णु मित्तल, संतोष गोयल,नारायण सिंहल, संतोष नागरिया राजेश सिंहल, रामचरण सिंहल, परमानंद सिंहल,संजय जिंदल, सतीश पिलोदिया,अशोक गोयल, पुरुषोत्तम गोयल, आदि सैकड़ों समाज के बंधू मौजूद रहे ।



## नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सवः शीतलेश्वर मंदिर में मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में आयोजित नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की गई। महोत्सव का शुभारंभ 22 सितम्बर से हुआ है, जो 1 अक्टूबर तक चलेगा। यह शीतलेश्वर मंदिर परिसर में 23वां नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव है। नवरात्रि महोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा और संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि दूसरे दिन सुबह 9 बजे और शाम 7.30 बजे माता की आरती संपन्न हुई। सायं आरती के बाद भक्ति गीतों और भजनों पर मातृशक्ति और भक्तजन झूम उठे तथा नृत्य करते नजर आए। महाआरती में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कल्ला चोटमुरादा, उपाध्यक्ष चंद्रभान चोटमुरादा, कोषाध्यक्ष थारीलाल अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका, पंडित वैभव आचार्य, उप आचार्य उमाकांत चतुर्वेदी, दिनेश आचार्य, पंडित बालकृष्ण शर्मा, लाखन बेनीवाल, विष्णु बेनीवाल, नरेंद्र बेनीवाल, छोटू बेनीवाल सहित मुख्य जजमान विजय मंगल व सुनीता देवी, पिंकी शर्मा, तपस्या शर्मा, पूजा अग्रवाल, आशा अरोड़ा, सुशीला अरोड़ा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



## अजमेर युवाओ ओर बच्चो में खेलो के प्रति जागृती से मज़बूत राष्ट्र की कल्पना सम्भव



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय में सांसद खेल महोत्सव का खेल रथ भाजपा मंडल भिनाय में पहुंचा। इस अवसर पर भिनाय प्रधान सम्पतराज लोढ़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं को खेल महोत्सव में शामिल 18 प्रकार के खेलों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का निर्माण होता है, जिससे एक मजबूत राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है।

मसूदा विधानसभा खेल महोत्सव सह-संयोजक मनीष वैष्णव ने बताया कि खेल रथ का मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मांगीलाल मेवाड़ा, मंडल सह-संयोजक सूर्यकांत खींची और मंडल आईटी सेल संयोजक दीपक तिवाड़ी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में बिजयनगर मंडल महामंत्री अमित लोढ़ा, महावीर सेन, राम दाचीच, रामधन प्रजापत, अजीत बिजावत, इजराइल खान, अरिन्त आचार्य, राहुल आचार्य, अमरचंद कायत, ताराचंद सामरिया, हरीश दलेल, फूलचंद मालावत, किशन आचार्य, दशरथ बिजावत, फैजान खान, सांवरलाल माली, राहुल कायत, रमेश कायत, टीकम खींची, मुकेश आचार्य, राजू खींची, शेलू आचार्य, तुषार मालावत, अरविंद आचार्य, रामेश्वर माली सहित सैकड़ों बच्चे और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल खेल महोत्सव सह-संयोजक सूर्यकांत खींची ने सभी पदाधिकारियों, युवाओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### जिला प्रमुख ने की साप्ताहिक जनसुनवाई

# प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अधीनस्थ विभागों सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं पर जिला प्रमुख ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं राज्य सरकार से संबंधित मामलों को राज्य स्तर पर अग्रेषित किया गया।



### जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रमुख प्रकरण इस प्रकार रहे

- ग्राम माकरवाली- ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत हाथीखेड़ा के तत्कालीन सरपंच लालसिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा नगर निगम में शामिल होने के बाद ग्राम पंचायत की बहुमूल्य जमीनों को खुर्दबुर्द कर करोड़ों क्रह्य. की राजस्व हानि पहुंचाई गई। आरोप है कि पट्टा बुक संख्या 226 एवं 229 ग्राम पंचायत पालरा को जारी की गई थी, जबकि इन्हीं बुकों से हाथीखेड़ा में फर्जी तरीके से करीब 100 पट्टे जारी कर दिए गए। जिनकी बाजार कीमत लगभग 50 से 80 करोड़ क्रह्य. आंकी गई है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की।
- ग्राम बडल्या- निवासी महेंद्र ने बताया कि वह अपने पिताजी के मकान में चार भाइयों के साथ हिस्सेदार है। लगातार विवाद की स्थिति बनी रहती है और स्वयं मकान बनाने में असमर्थ है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान स्वीकृत करवाने की मांग रखी।
- ग्राम अर्जुनपुरा (पंचायत पडांगा, भिनाय)- ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांव में पानी की नियमित सप्लाई नहीं हो रही है। उन्होंने शीघ्र ही पानी की आपूर्ति नियमित करने की मांग की।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवदान सिंह, लोकपाल (नरेगा) सुरेश सिंधी, संयुक्त निदेशक कृषि संजय तनेजा, संयुक्त निदेशक एवं मुख्य आयोजना अधिकारी श्रीमती रूद्रा रेणु, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर, कृषि अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, जिला कार्यक्रम समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) विजेन्द्र सिंह राठौड़, समाज कल्याण विभाग के तरुण शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रबिउलआखिर की चांद रात पर कपासन में जायरीनों की लगी लंबी कतारे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रबिउलआखिर की चाँद रात पर जायरीने दीवाना का हुजूम उमड़ा। दरगाह कमेटी सैक्रेट्री शफी मोहम्मद छीपा ने बताया कि मंगलवार सांय चाँद का दीदार होते ही नारो से दरगाह परिसर गूंज उठा।आस्ताना ए आलिया मे दर्शन हेतु लम्बी कतारे लगी रही।मेला ग्राउण्ड मे 300 से अधिक अस्थाई प्रतिष्ठान लगे।अहाता ए नूर मे दिनभर महफिले मिलाद का प्रोग्राम हुआ।जिसमे कव्वाल हजरात ने अपने कलाम पेश कर दाद बटोरी।मिन्नत के धागे बाधने व मिन्नत पूरी होने पर बच्चो व बड़ो को गुड़,खोपरा,सूखा मेवा व फल-फ्रूट से तोला।चिराग अगरबत्ती के समय फातिहा पढ़ी गई।जिसमे अल्लाह के प्यारे रसूल एवं औलिया ए कराम के वसीले से मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ के साथ बिमारी से शिफा याबी,घरो मे खैरो बरकत की दुआ की गई तो पुरा दरगाह परिसर आमीन-आमीन की सदाओं से गूंज उठा।

### विधायक कोठारी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

## शहर चलो अभियान में 69ए के तहत पट्टे जारी करे सरकार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किए गए शहर चलो अभियान 2025 में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने अभियान के तहत जारी दिशा-निर्देशों में एक बड़ी कमी बताते हुए मुख्य सचिव सुधांश पंत को पत्र लिखा है। विधायक कोठारी ने पत्र बताया कि नए नियमों से हजारों परिवारों को आवासीय पट्टे मिलने में दिक्कत आ सकती है, जबकि सरकार की मंशा सभी को पट्टे देने की है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार ने शहर चलो अभियान 2025 की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य कच्ची बस्तियों और सरकारी जमीनों पर रह रहे परिवारों को आवासीय पट्टे देकर उन्हें मालिकाना हक देना है। विधायक अशोक कोठारी ने सरकार के इस कदम की सराहना की है, लेकिन साथ ही 14 सितंबर 2025 को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए बताया कि अधिसूचना के बिंदु संख्या 9 में नगरपालिका अधिनियम की धारा 69 ए के तहत पट्टा शुल्क में छूट दी गई है, लेकिन इसके नीचे एक नोट में लिखा है कि वैकल्पिक दस्तावेजों एवं कब्जे को स्वामित्व का आधार नहीं माना जायेगा। विधायक कोठारी का कहना है कि इस एक वाक्य ने पूरे अभियान के उद्देश्य पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में पहले भी ऐसी परेशानी आ चुकी है। विधायक कोठारी ने बताया कि यह नियम उन परिवारों के लिए भ्रम पैदा कर रहा है जो कई सालों से सरकारी भूमियों पर कब्जा करके रह रहे हैं। उनके पास कब्जे के अलावा मालिकाना हक का कोई मजबूत दस्तावेज नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रशासन शहरों के संग 2022 अभियान के दौरान भी भीलवाड़ा में ऐसे परिवारों ने पट्टों के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें मालिकाना हक नहीं मिला।

विधायक का तर्क है कि अगर सरकार वाकई में इन परिवारों को लाभ पहुंचाना चाहती है, तो नए दिशा- निर्देशों को पिछले आदेशों के अनुरूप बनाना होगा। उन्होंने मुख्य सचिव से मांग की है कि 1 जुलाई 2022 के आदेश की शर्तों को नई अधिसूचना में शामिल किया जाए।

क्योंकि यह मामला प्रदेश के हजारों गरीब और वंचित परिवारों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। कोठारी ने मुख्य सचिव से नियमों में संशोधन कर तत्काल लोगो को राहत देने का आग्रह किया है।

## उदयपुर-चंडीगढ़ यात्री ट्रेन का भाजपा आज कपासन में करेगी स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** उदयपुर से चंडीगढ़ जाने वाली यात्री ट्रेन का गुरुवार को कपासन रेलवे स्टेशन पर सांय 3.30 बजे भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्वागत किया जायेगा।जिसमें गुरुवार अपराह्न बाद उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन से उदयपुर चंडीगढ़ यात्री ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इस यात्री ट्रेन का प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी की अगवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा।

इधर ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर ने बताया कि पंजाब राज्यपाल एवं मेवाड़ के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया के प्रयासों से प्रारंभ हो रही यात्री ट्रेन का चित्तौडग़ढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद सीपी जोशी की अनुशंसा पर इस यात्री गाड़ी का कपासन रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ है। भाजपा नगर मंडल महामंत्री सोहन खटीक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गजेंद्र बागमार,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने भाजपा कार्यकर्ताओं,निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से नई यात्री गाड़ी की स्वागत कार्यक्रम में भागीदारी निभाने का आग्रह किया गया है।

## शिक्षक संघ उपशाखा कपासन कार्यकारिणी का किया विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के अध्यक्ष शांतिलाल शर्मा द्वारा मंगलवार को मनोनीत कार्यकारणी का विस्तार किया गया। उपशाखा मंत्री गोपालकृष्ण नामधर ने बताया कि जिला सभाध्यक्ष तेजपाल सिंह,सभाध्यक्ष राजेन्द्र व्यास,जिलाध्यक्ष पुरणमल लोहार,जिला पदाधिकारी सैयद मुकर्रम अली,मुकेशचंद्र त्रिपाठी आदि पदाधिकारियों की सहमति से कार्यकारणी का विस्तार किया गया। इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ सभाध्यक्ष दिलीप कुमार उपाध्याय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल व्यास,सैयद इरफान अली,उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जोशी,विकास सोखल ब्लॉक संगठन मंत्री अश्विनी कुमार व्यास,संयुक्त मंत्री राजेश चोटिया,कैलाश लोहार,संयुक्त मंत्री मीनाक्षी शर्मा,नीलम जाट,सांस्कृतिक मंत्री चंचल बुढसाना, सरिता सेठ,अनुशासन मंत्री सोनू शर्मा,सामाजिक सरोकार प्रभारी बद्रीलाल विजयवर्गीय,सुरेश खेरीवाल, अनिल त्रिपाठी,हीरालाल पायक,मिडिया प्रभारी संदीप सहारण,संदीप पचार को नियुक्त किया गया।साथ ही नवीन कार्यकारिणी प्रत्येक पीईईओ स्तर पर संयोजक नियुक्त कर संगठन को मजबूत किया जायेगा।

### विद्यालय भवन निर्माण कार्यों के बिल पास कराने में चल रहा था रिश्वतखोरी का खेल

# बिल पास कराने की एवज में 50 हजार की रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के दो अभियंता गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को शिक्षा विभाग से जुड़े दो अभियंताओं को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर एक और बड़ी सफलता हासिल की। यह कार्रवाई समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे विद्यालय भवन निर्माण कार्यों से संबंधित बिल पास कराने में रिश्वतखोरी के खेल का पर्दाफाश करती है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियंताओं में सहायक अभियंता (एईएन) राजकुमार मून्दडा और संविदाकर्मी कनिष्ठ अभियंता भारत भूषण गोयल शामिल हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने करीब 19 लाख रुपये के बिल पास करने के एवज में ठेकेदार से 50 हजार रुपये की घूस मांगी थी।



### ऐसे हुआ खुलासा

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ब्यूरो को ठेकेदार की शिकायत मिली थी। शिकायत में कहा गया कि अभियंता 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। सत्यापन के दौरान परिवादी की मुलाकात एईएन राजकुमार मून्दडा से हुई। उसने परिवादी को कनिष्ठ अभियंता गोयल से मिलने को कहा। गोयल ने साफ कहा कि बिल पास कराने के लिए 3 प्रतिशत कमीशन देना होगा। इसमें 2 प्रतिशत रकम मून्दडा को और 1 प्रतिशत रकम खुद रखने की बात कही गई। इस तरह कुल 50 हजार रुपये रिश्वत तय हुई।

### रंगे हाथों दबोचे गए अभियंता

24 सितम्बर की सुबह जैसे ही परिवादी ने तय रकम गोयल को सौंपी, एसीबी टीम हरकत में आ गई। गोयल ने पैसे जेब में रखते ही मून्दडा को फोन कर जानकारी दी, लेकिन उसी वक्त एसीबी की टीम ने दोनों को दबोच लिया। गोयल की पैंट की जेब से 50 हजार रुपये की राशि बरामद की गई, जिसमें 30 हजार असली और 20 हजार डमी नोट थे।

### उच्च अधिकारियों की निगरानी में कार्रवाई

यह कार्रवाई अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन और एसीबी भीलवाड़ा-प्रथम के उप अधीक्षक पारसमल के नेतृत्व में की गई। दोनों अभियंताओं को तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

### लगातार हो रही एसीबी की कार्रवाई

गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में एसीबी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई बड़ी कार्रवाइयाँ की हैं। खासकर शिक्षा विभाग और सरकारी परियोजनाओं से जुड़ी शिकायतों पर ब्यूरो ने सख्ती दिखाई है। भीलवाड़ा की यह कार्रवाई उसी अभियान की अहम कड़ी मानी जा रही है।

### आगे की जांच जारी

एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की संपत्तियों और पुराने कार्यों की भी जांच की जाएगी ताकि यह पता चल सके कि रिश्वतखोरी का यह खेल कब से चल रहा था और इसमें और कौन-कौन शामिल है।

## भीलवाड़ा डेयरी ने घटाई उपभोक्ता दरें, सरस घी सस्ता, बाजार में बढ़ेगी रौनक




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** केंद्र सरकार ने घी पर लगने वाला जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। त्योहारों से पहले आमजन के लिए राहत की खबर है। अब घरों के बजट में बड़ी बचत होगी क्योंकि सरस घी, पनीर और बटर समेत डेयरी प्रोडक्ट्स की कीमतें घटा दी गई हैं। इसके बाद राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड, जयपुर के निर्देश पर भीलवाड़ा जिला दूध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड भीलवाड़ा डेयरी ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए घी की दरों में कमी की है। भीलवाड़ा डेयरी की ओर से जारी आदेश के अनुसार नई दरें 22 सितम्बर से लागू हों गई। इस बदलाव का असर सरस ब्रांड घी एवं गाय के घी दोनों पर पड़ेगा। 22 सितंबर से प्रभावी नई दरें सरस घी 1 लीटर पोली पैक 551 रुपए प्रति लीटर, आधा लीटर पोली पैक 554 रुपए प्रति किलो की दर से, 200 एमएल पोली पैक 561 रुपए प्रति पैक, 5 लीटर टिन 2740 रुपए प्रति टिन, 15 किलो टिन 9045 रुपए प्रति टिन, गाय का घी 1 लीटर पोली पैक 570 रुपए प्रति लीटर, 5 लीटर टिन 2835 रुपए प्रति टिन, 15 किलो टिन 9330 रुपए प्रति टिन भाव हो गया। घी की दरों में आई इस कमी से त्योहारों के सीजन में उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा। शादी-ब्याह और मिठाइयों में घी की खपत अधिक रहती है, ऐसे में दरों में कमी से बाजार में भी रौनक बढ़ेगी।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी- दिवाली से पहले दिवाली, शिविरों और जीएसटी राहत से आमजन को खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (अनिल सिखवाल)।** राज्य सरकार की जनहितकारी पहल शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत वार्ड संख्या 13 से 16 तक का शिविर बुधवार को राठी पवेलियन में आयोजित हुआ।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न विभागों के काउंटरों पर जाकर राजस्व, चिकित्सा-स्वास्थ्य, कृषि फसल गिरदावरी, जनाधार, वित्तीय समावेशन तथा जीएसटी 2.0 बचत अभियान से जुड़ी सेवाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को मौके पर राहत पहुंचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उपमुख्यमंत्री ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। सामाजिक सहभागिता के तहत दिव्यांश नामक शिशु का अन्नप्राशन संस्कार व खुशबू साहू की गोद भराई रस्म संपन्न कराई। कार्यक्रम में विधायक शंकर सिंह रावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, जिला कलेक्टर कमल राम मीना, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, नगर परिषद आयुक्त श्रवण लाल, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




### शिविर में प्रमुख कार्य

- मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत 32 फ्लैट की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी गईं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 9 किसानों को 2.75 लाख की किस्त वितरित।
- कृषि भूमि नियमन में 10 लाभार्थियों को पट्टे प्रदान।
- उपविभाजन/संयुक्तिकरण के 9 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए।
- 69ए नजूल के तहत 5 लाभार्थियों को पट्टे प्रदान।
- मकान निर्माण हेतु 3 लाभार्थियों को मानचित्र स्वीकृति जारी।
- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 मरीजों को पोषण किट वितरित।
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र 2 लाभार्थियों को, पेंशन 5 लाभार्थियों को तथा एक विधवा महिला को ?1250 प्रतिमाह की पेंशन स्वीकृत।

### जीएसटी 2.0 बचत उत्सव - बाजार में उत्साह

शिविर के उपरांत तेजा चौक बाजार में जीएसटी जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री ने व्यापारियों से संवाद कर जीएसटी में दी गई राहत की जानकारी साझा की। व्यापारियों एवं दुकानदारों ने इस कदम का स्वागत करते हुए राज्य सरकार का आभार जताया और कहा कि यह राहत दिवाली से पहले ही खुशियां लेकर आई है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बजट घोषणा को मूर्त रूप देने और जिले के चौमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## नवरात्रि एवं सनातनी कार्यक्रमों में गैर हिन्दू प्रवेश को कपासन में वर्जित करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** सनातनी पर्वों एवं शारदीय नवरात्रि महोत्सव में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में गैर हिंदुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड टोली कपासन द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम एसआई उदयलाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि गरबा स्थलों पर गैर-हिंदुओं का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होना चाहिए। साथ ही पहचान पत्र की जांच बाद ही लोगों को धार्मिक कार्यक्रमों में प्रवेश दिया जाये। प्रवेश पूर्व आगंतुकों को तिलक लगाया जाये,कलावा बांधा जाये तथा गोमूत्र व गंगाजल का छिडक़ाव किया जाये। किसी भी विवादित कलाकार या गैर-हिंदू अतिथि सेलिब्रिटी को कार्यक्रम में आमंत्रित न किया जाये। इस ज्ञापन प्रक्रिया दौरान बजरंगदल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत,विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा,प्रखंड अध्यक्ष मुकेश जागेटिया,प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा,संरक्षक लाला चाष्टा,संपत लोहार आदि विहिप पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द में आयोजित प्रखर 2.0 का अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकियाखुर्द में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियो हेतु आयोजित प्रखर 2.0 का प्रधानाचार्य दिनेशचंद्र द्वारा किया गया अवलोकन। राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द के प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि प्रखर 2.0 कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों को हिंदी पढने लिखने में बेहतर बनाने हेतु केंद्रित राज्य सरकार की योजना है।उक्त कार्यक्रम 90 दिवस 5 सितं. से 5 दिसं. 2025 तक विद्यार्थियों में पठन कौशल व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित है।इसके मुख्य उद्देश्य पठन कौशल में सुधार,आत्मविश्वास,बढ़ता धारा प्रवाह पठान मुख्य है।इसके लिए विद्यालयों में चार दल बने हैं।जिसमे सी-1,सी-2,सी-3,सी-4 द्वारा पठन कार्य कराया जा रहा है।इसी मौके पर छात्र-छात्राओं से प्रवाह पाठन करा रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के श्यामलाल भील,दिलीप सिंह गहलोत,सुनील खरवास,सुनीता कुमारी बैरवा सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



### कोटड़ी में स्वच्छ भारत की अनूठी पहल

## प्रधान करण सिंह बेलवा और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में शुरू हुआ 'प्लास्टिक थैली लाओ - शक्कर ले जाओ' अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी (नि.स.)।** पंचायत समिति कोटड़ी में प्रधान करण सिंह बेलवा और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को नई दिशा देने वाली पहल शुरू हुई। 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर ग्राम पंचायत कोटड़ी में प्लास्टिक क्रय केंद्र स्थापित कर 'प्लास्टिक थैली लाओ - शक्कर ले जाओ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में भामाशाहों के सहयोग से 121 किलोग्राम शक्कर एकत्रित हुई। पहले ही दिन ग्रामीणों ने 21 किलोग्राम प्लास्टिक जमा कराया, जिसके बदले में उन्हें 21 किलोग्राम शक्कर वितरित की गई। कार्यक्रम में 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया और स्वच्छता की शपथ ली । प्रधान करण सिंह बेलवा ने इस मौके पर कहा -धार्मिक नगरी कोटड़ी को पूरी तरह कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से धर्माऊ तालाब को प्लास्टिक से मुक्त कर हम पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठा रहे हैं। ग्रामवासी यदि इस मुहिम को दिल से अपनाएं तो कोटड़ी पूरे प्रदेश के लिए मॉडल पंचायत बन सकती है।



विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि- स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। प्लास्टिक मुक्त वातावरण ही आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित भविष्य का आधार है। यह अभियान ग्रामीणों की भागीदारी से एक जन आंदोलन का रूप लेगा। साथ ही भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कोटड़ी में आभा जनजाति एवं आदि सेवा केंद्र भी शुरू किया गया। यहाँ पंचायत स्तरीय कर्मचारियों ने जनजातीय परिवारों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। इस दौरान कर्मचारियों के नाम और मोबाइल नंबर की पट्टिका का विमोचन भी किया गया।

ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि प्लास्टिक थैलियों का उपयोग तुरंत बंद करें। तय किया गया कि आगे यदि कोई भी व्यापारी प्लास्टिक का उपयोग करता पाया गया तो उस पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा। सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे गाँव को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। इस मौके पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा, तहसीलदार रामकिशोर मीणा एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, कोटडी मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, जिला महामंत्री भाजपा कन्हैयालाल जाट, समस्त वार्डपंच एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

## सरमथुरा नगर पालिका में अधिकारी गायब शहरी सेवा शिविर में काम नहीं होने से जनता परेशान, आजाद समाज पार्टी ने दिया ज्ञापन



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** सरमथुरा नगर पालिका में चल रहे शहरी सेवा शिविर में अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को उठाया है। शिविर में व्याप्त अनियमितताओं और आम जनता के साथ हो रहे भेदभाव की शिकायत अधिकारियों तक पहुंचाई गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सूबे के मुखिया भजन लाल शर्मा और स्थानीय प्रशासन के दावों के विपरीत, समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हो रहा है। पार्टी के पूर्व प्रभारी सरदार सुरेंद्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी दीपक गोयल से कैंप में उपस्थित रहने की मांग की, लेकिन अधिकारी ने स्पष्ट जवाब देने से बचते हुए अनुपस्थित रहना पसंद किया। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आम लोगों के कार्यों को प्राथमिकता से निपटाने की मांग की। इस अवसर पर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने भी अपनी आवाज बुलंद की। और नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी के आमजन के कार्यों का निस्तारण नहीं होगा तो सरकार के खिलाफ ऐसे ही आवाज उठाते रहेंगे।

## बाड़ी में आयोजित शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 संपन्न, नागरिकों को मिला लाभ



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के आदेशानुसार शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 का सफल आयोजन बाड़ी स्थित कुशवाह धर्मशाला परिसर में किया गया।यह शिविर जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी, उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में आमजन को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया, जिसमें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, पेंशन स्वीकृति, टीकाकरण, विद्त कनेक्शन, रोड कटिंग, स्ट्रीट लाइट सुधार एवं पेयजल से संबंधित कार्य प्रमुख रहे।शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, सफाई निरीक्षक यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश गर्ग, कनिष्ठ लिपिक कामिनी श्रीवास्तव, टाऊन प्लानिंग स्पेशलिस्ट (पीएमएवाई) तपेश बिधूडी,महिला पर्यवेक्षक रेखा शर्मा,सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र मीणा, शिवशंकर पचौरी, अंकित कुमार, धर्मेन्द्र शिवहरे, सौरभ, सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## उमरेह गांव में हो रहा जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बढ़ता राजस्थान,बाड़ी (राजू शर्मा)।** सचलली शिक्षा में 69 वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता 17 से 19 आयु वर्ग छात्र वर्ग का आयोजन उपखण्ड के उमरेह गांव के उ0मा0विद्यालय में किया जा रहा है। जिसका बुधवार को शुभारंभ जिसकी पूर्व विधायक गिरीज सिंह मंलिगा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसीबीईओ कल्याण सिंह मीणा, पूर्व सीबीईओ सुरेन्द्र सिंह परमार व रामकुमार मीणा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विष्णु कुमार शर्मा ने की। 17 से 19 आयु छात्र वर्ग की इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 93 स्कूलों के बच्चे भाग ले रहे है जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अशोक कुमार मीणा, उमादत्त शर्मा, अतर सिंह मीणा, विजेंद्र मीणा, ओमप्रकाश जाट, कैलाश चन्द्र चाहर, हनुमान प्रसाद, नरेश पुलियों, राजु लाल शर्मा, अजय मीणा, पवन मीणा, हेमंत परमार, राघवेंद्र जादौन, पुष्पेन्द्र गोरखामी, मिथिलेश कुमार, कैलाश, प्रदीप चुनियों फिजिकल टीचर की टीम लगाई गई है। प्रतियोगिता का आयोजन तीन दिन होगा।

## राजसमंद झील के 68 साल के इतिहास में नया कीर्तिमान, लगातार दो साल छलकने का बना रिकॉर्ड



**बढ़ता राजस्थान , राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** झील ने अपने 68 साल के इतिहास में नया कीर्तिमान रच दिया है। झील के लगातार दूसरे साल छलकने का यह रिकॉर्ड 50 सालों में दूसरी बार बना है। सोमवार देर शाम झील का जलस्तर बढने के बाद पावती-माणक रोड स्थित दूसरी रपट से झील का ओवरफ्लो शुरू हो गया, जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उमड़े। गोमती नदी और नंदसमंद बांध से खारी फीडर के जरिए झील में लगातार पानी की आवक बनी हुई है, जिससे झील का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। सिंचाई विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1957 से अब तक झील का सर्वाधिक जलस्तर 1967 में 24.35 फीट दर्ज हुआ था। आजादी के बाद पहली बार झील वर्ष 1973 में छलकी थी, इसके बाद 1975 में लगातार दूसरे साल झील लबालब होकर छलकी। लेकिन वर्ष 2000 से 2005 तक झील पूरी तरह सूखी रही। 2006 में अच्छी बारिश से झील में पानी आया और लोगों ने राहत की सांस ली।लंबे इंतजार के बाद वर्ष 2017 में झील तीसरी बार छलकी। इसके बाद 2023 में चौथी बार झील ने छलककर एक नया अध्याय जोड़ा।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा के हाथों मिले विभिन्न लाभ तो खिल उठे लाभार्थियों के चेहरे

# राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शिविरों में सुगम हुए आमजन के कार्य, सरकार हर जन के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** नगर परिषद में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने किया। इस दौरान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, जिलाध्यक्ष श्री जगदीश पालीवाल, आयुक्त ब्रजेश राय, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्यों द्वारा किया गया।उप मुख्यमंत्री ने शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी रमेश भील, अन्नू देवी रेगर, ललिता देवी रेगर, सुरेश चन्द्र कुमावत और जमना गमेती को प्रथम किस्त के रूप में 50,000 रुपये प्रत्येक, कुल 2.50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। कृषि भूमि रूपान्तरण के पट्टे श्री दीपक पहाडिया, तेजराज बोहरा तथा लक्ष्मी देवी को प्रदान किए गए। इसी प्रकार लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती मेघा टाक को दिया गया। स्टेट ग्रान्ट (पुश्तैनी) पट्टे श्री मुस्तकीम खान पठान, श्री रजनीश पालीवाल, श्री मुस्तकीम तथा श्री रतन लाल को प्रदान किए गए। नामान्तरण आदेश मेसर्स होटल एम.एम. रेजीडेन्सी कंपनी मधु अग्रवाल, श्री शंकर सिंह झाला, श्री धर्मेन्द्र पुर्विया, श्री जगदीश चन्द्र पुर्विया और श्रीमती रेणुका शुक्ला को दिए गए।उपविभाजन आदेश श्री भेरूलाल, श्रीमती कैलाश कुंवर, श्रीमती जमना देवी सदनानी, मैसर्स होटल एम.एम. रेजीडेन्सी तथा चौनसिंह राठौड को जारी किए गए। नगर परिषद की अनुमोदित योजना में स्थित भूखण्ड की नीलामी का पट्टा आर.के. जिला चिकित्सालय के पास श्री कमल सिंह को दिया गया। भवन निर्माण स्वीकृति श्रीमती निर्मला आचार्य, श्री पारस पालीवाल, श्री देवदक्ष पालीवाल तथा श्री कमल सोनी को प्रदान की गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत श्री बद्री लाल खंटिक, श्री विकेश कुमार खटिक, श्री अम्बा लाल सेठ और श्री प्रवीण कुमार वैरागी को 50,000 रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया।

माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने निर्देश दिए कि शिविरों में अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित किया जाए और नागरिक सक्रिय भागीदारी कर योजनाओं का लाभ उठाएँ। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री औंकार सिंह लाखावत ने अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि शिविरों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँच सके।

### मोदी की पावर कट के लिए वोट चोरी रोकना जरूरी, मंडल और बूथ पर होंगे कार्यक्रम

# वोट चोर,गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** कांग्रेस के लीडर राहुल गांधी द्वारा दिया गया वोट चोर गद्दी छोड़ का संदेश राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक अभियान के रूप में लिया है और यह अभियान प्रदेश कांग्रेस कमेटी से जिला कांग्रेस कमेटी पर होकर अब ब्लॉक स्तर तक पहुंच गया है। आगामी समय में अभियान के तहत मंडल और बूथ स्तर पर भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमजन को जागरूक करने के साथ कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराने और कांग्रेस से जुडने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत बुधवार को बाड़ी ब्लॉक कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक कंचनपुर मंडल पर आयोजित हुई। कंचनपुर स्थित कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार के कार्यालय पर हुई बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि यदि आपको मोदी सरकार की पावर को कट करना है। कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाना है। लोगों की समस्याओं का समाधान करना है तो वोट चोरी को रोकना होगा। यह वोट चोरी तभी रुक सकती है। जब देश का हर नागरिक जागरूक हो। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह एकजुटता के साथ आमजन को जागरूक करे। उनकी समस्या सुने और समाधान के साथ कांग्रेस की विचारधारा में उनको शामिल किया जाए। विधायक रोहित द्वारा ने कहा कि 11 साल से केंद्र सरकार वोट चोरी के जरिए सत्ता में बनी हुई है। अब आगे सत्ता से हटाने के लिए राहुल गांधी ने जो मुहिम चलाई है उसे पीसीसी से डीसीसी और डीसीसी से ब्लॉक स्तर तक पहुंचाया गया है। आगामी समय में मंडल और बूथ स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में पीसीसी कार्यकारिणी सदस्य अमित मुद्गल,बाड़ी विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन, धौलपुर के पूर्व प्रधान रामहेत कुशवाह,बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना,सैपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, बाड़ी नगर अध्यक्ष सेफ सईद खां, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष लीला शर्मा, राजकुमार भारद्वाज, लाखन सिंह यादव, रोशनी शिवहरे, नईम खान सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम व्यापारियों एवं आमजन से हुए रूबरू



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म मंत्री बुधवार को धौलपुर पहुंचे। उन्होंने सन्तर रोड़ पर अम्बाजी का बाड़ा में व्यापारी एवं आमजन के साथ संवाद किया। उन्होंने सन्तर रोड़ मुख्य बाजार में पदयात्रा कर एक-एक दुकान पर जाकर पंपलेट वितरित किए और नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी की जानकारी दी। श्री बेढ़म ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी दरें घटाकर आमजन को बड़ा राहत दी है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लगभग टैक्स फ्री किया गया है। उन्होंने बताया कि पेन, पेंसिल, कॉपी-किताब पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है, वहीं स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य बीमा योजनाओं पर लगने वाला टैक्स भी समाप्त कर दिया गया है। डेली यूज प्रोडक्ट्स पर भी टैक्स दरें कम हुई हैं, जिससे महंगाई घटेगी और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ेगी। इससे व्यापार को भी गति मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई स्वदेशी व्यापार से होगी।

## विवेक औदित्य बने माई भारत चयन समिति के सदस्य

**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयभारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था मेरा युवा भारत ने राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया है। इसमें टोंक जिले से सामाजिक युवा कार्यकर्ता विवेक औदित्य को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति प्रत्येक ब्लॉक से दो योग्य युवाओं का चयन करेगी, जिन्हें माई भारत यूथ वोलियंटर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। चयनित युवा समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएँगे।

# नए जीएसटी स्लैब के से मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी, उद्योगपतियों सहित सभी वर्गों को मिलेगी राहत : नागर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के स्वदेशी उत्पादों को अपना करके बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि कि मोदी सरकार के नेतृत्व में किए गए जीएसटी सुधारों से अब टैक्स अनुपालन आसान हो गया है। छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को इससे बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आमजन के प्रति संवेदनशील है, जिन्होंने जनता की परेशानी को समझते हुए 22 सितंबर से लागू नए जीएसटी स्लैब के माध्यम से मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी एवं उद्योगपतियों सहित सभी वर्गों को राहत दी हैं। जिला प्रभारी मन्त्री हीरा लाल नागर ने बुधवार को उनियारा बस स्टैण्ड के व्यापारियो एवं उपभेक्ताओं से जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत देवली- उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चैहान ,भाजपा जिला महामन्त्री प्रभु बाडोलिया के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, यह आत्मनिर्भर भारत दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह सुधार गरीब, किसान, महिला,व्यापारी और उद्योग जगत को सशक्त बनाएगा। देचली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हित में फैसले किए हैं,जीएसटी में सुधार इसी दिशा में एक और कदम है। इससे आम जनता को भी राहत मिलेगी और कारोबारी जगत में नई ऊर्जा आएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चैहान ने कहा जीएसटी सुधार आमजन व्यापार को सुगम करेगा और स्थानीय उत्पादन व उद्यमिता को नई ऊर्जा मिलेगी। भाजपा जिला महामन्त्री प्रभु बाडोलिया ने स्वदेशी अपनाने ाक आव्हान करते हुए कहा कि सभी संकल्प लें कि हर घर और हर दुकान स्वदेशी का भण्डार हो। बाडोलिया ने कहा कि मोदी सरकार ने लगातार जनहितो में सुधार करके यह साबित किया है कि वह जनता की सरकार है।

### व्यापारियों से आम जन को जी एस टी छूट की जानकारी और उसका लाभ देने करी अपील

# जल संसाधन मंत्री और विधायक ने डीग के बाजारों में आमजन को दी सरकार की योजनाओं और जीएसटी छूट की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** जल संसाधन मंत्री और डीग जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ शैलेश सिंह के साथ डीग के प्रमुख बाजारों का दौरा कर दुकानदारों और आमजन को जीएसटी छूट के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रावत ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की नीतियाँ सीधे जनता और व्यापारियों के हित में काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं और दैनिक उपयोग की चीजों पर अब जीएसटी में कटौती की गई है, जिससे आमजन को आर्थिक राहत मिलेगी। प्रभारी मंत्री रावत ने दुकानदारों को से कहा कि वे अपने ग्राहकों को जी एस टी छूट के बारे में तथा उससे आम जन की उपयोग की वस्तुओं के दामों में हुई कमी के बारे में सही जानकारी दें और आमजन को योजनाओं का पूरा लाभ पहुँचाने में सहयोग करें। रावत ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हमेशा जनता की आर्थिक भलाई और बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं और जी एस टी में दी गई छूट की सही जानकारी हर नागरिक तक पहुँचनी चाहिए, ताकि किसी को भी इसका लाभ लेने से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर जनता और व्यापारियों में उत्साह देखा गया और लोग जीएसटी छूट के बारे में अधिक जानने और इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक हुए। प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि इस तरह की जागरूकता यात्राएँ समय-समय पर जारी रहेंगी ताकि हर नागरिक तक योजनाओं और राहतों की सही जानकारी पहुँचे।

इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता एडवोकेट खेमचंद कोली ,राजेंद्र खंडेलवाल,गौरव सोनी, दाऊ दयाल नसवारिया,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं मोजूद ।

## यादव छात्रावास में आयोजित की गईं महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की पुण्यतिथि, यादव समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित यादव छात्रावास बानसूर में राव तुलाराम की पुण्यतिथि का आयोजन यादव समाज के लोगों द्वारा किया गया जहाँ समाज के लोगों ने उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि सभा में की अध्यक्षता नव नियुक्त आखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय यादव गुरुजी ने की।

उन्होंने ने कहा कि राव तुलाराम का देश के लिए बलिदान स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। राव साहब सच्चे देश भक्त तो थे ही पर सच्चे समाज सेवक भी थे। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपनी कुर्बानी दी जो एक सच्चा देश भक्त और समाजसेवी ही दे सकता है। भारत माता के सच्चे सपूत और यादव समाज के महानायक हरियाणा की धरती के लाडले अमर शहीद राजा राव तुलाराम की पुण्यतिथि पर उन्हें आज भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित अर्पित करते हुए गर्व हो रहा है कि हम सब उनके समाज से आते हैं।उन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने जीवन को अर्पण करने वाले हरियाणा के जवानों एवं वीर शहीदों को सादर वंदन किया जाता है और किया जाता रहेगा। अहीर समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है जो देश सेवा ,समाज सेवा, राष्ट्र प्रेम से अभिभूत अहीर समाज हमेंशा से अग्रणी रहा है। इस मौके पर बोलते हुए व्याख्याता राकेश यादव ने भी अपने विचार राव तुलाराम पर व्यक्त किया। इस मौके जिला अध्यक्ष अजय यादव गुरुजी अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर ,राकेश यादव,बलवंत यादव पूर्व पंच ,जीतू यादव ,महेंद्र यादव ,मनीष यादव, रामवीर यादव ,राहुल यादव ,अमन यादव ,अजीत यादव ,प्रदीप यादव ,विकास यादव, सुनील यादव ,कैलाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्मशान भूमि उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** नाथ जोगी समाज ने दाह संस्कार के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नाथ जोगी समाज के पास वर्तमान में दाह संस्कार हेतु भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को घरों के आसपास या चारागाह भूमि पर दाह संस्कार करना पड़ रहा है। जिससे समाज को अंतिम संस्कार के समय असुविधा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपस्थित समाज के लोगों ने प्रशासन से नाथ समाज के लिए श्मशान भूमि आवंटित करने की मांग की है। इस मौके पर समाजसेवी पुखराज योगी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्वर्गीय श्री सुमति लाल जैन एवं श्रीमती विमला जैन जी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र श्री नवीन जैन, जैन मेडिकल हॉल रामगढ़ अलवर राज0 के सौजन्य से डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर व जिला अंधता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में आज बृहस्पतिवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सागर रिसोर्ट एवं मैरिज होम,दिल्ली रोड,रामगढ़, में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर एवं ब्लड डोनेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आँखों के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच जैसे. मोतियाबिंदए काला पानी, व लैंस प्रत्यारोपण एवं ऑपरेशन, डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। शिविर में चयन किए गए रोगियों का ऑपरेशन डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर में किया जाएगा। चयनित रोगियों को अलवर लाने व ले जाने, एवं ठहरने की सुविधा एभोजन व नाश्ता,एवं ऑपरेशन,दवा व चश्मा सभी डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क होंगे। शिविर में नेत्र जांच हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए सभी पेशेंटों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए विशेष विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी एवं शिविर में अन्य के लिए नजर का चश्मा रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगा एवं सभी के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। ये जानकारी समाजसवी आर एस वर्मा जी ने दी।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया एनएसएस दिवस

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के नव प्रवेशित स्वयंसेवकों के आमुखीकरण कार्यक्रम के दूसरे दिन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. के. एल. मीना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद इकाई राजगढ़ की अध्यक्ष पदमा गोयल रहीं तथा विशिष्ट अतिथि नंदी गौशाला राजगढ़ की अध्यक्ष प्रीति विजय रहीं। प्राचार्य एवं अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के. एल. मीना ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से देश सेवा एव समाज सेवा का महत्त्व बताया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास बताया। लक्ष्मी यादव एव अन्य स्वयंसेवकों ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना पर अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार मंडल के सदस्यों डॉ देशराज वर्मा, डॉ रजनी मीना, डॉ अशोक मीना ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि ने गौ सेवा का महत्त्व बताते हुए स्वयंसेवकों को गौ सेवा के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ मनीषा मीना ने किया। अनुशासन व्यवस्था डॉ योगेन्द्र सेहरा एव कपिल कुंडारा ने संभाली। प्रो संजय बमनावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में हजारों लोग ले रहे हैं धर्म लाभ


# अलवर के नसियां जी में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** अलवर शहर में इन दिनों जैन धर्मावलम्बियों के लिये उत्साह भरा समय निकल रहा है। दरअसल अलवर में 25 समवशरणों की प्रतिकृति के साथ आयोजित किये जा रहे श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा व नित्यनेम पाठ व शान्तिधारा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के जैन धर्मावलम्बियों का सैलाब उमड़ रहा है। जैन धर्मावलम्बी अपने परिवार सहित इस नसियां जी में चल रहे इस भव्य आयोजन को देखने के लिए उमड़ रहे हैं। नसिया जी स्थित जैन वाटिका में 23 सितम्बर से 28 सितम्बर तक सुबह 6 बजे से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन के बाद श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ चल रहा है तथा शाम को प्रतिदिन सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इस विधान में हजारों की संख्या में लोग बड़े उत्साह व उल्लास के साथ भाग ले रहे हैं।



सच में अलवर के इतिहास में ऐसा सौभागय शाली कार्यक्रम ना तो कभी हुआ और शायद ना ही कभी हो पाएगा।



सकल जैन समाज की ओर से किया जाने वाला ये भव्य अनुष्ठान लोगों को बरसो तक याद रहेगा। आज आनन्द का दौर चल रहा है। पूरे धार्मिक उनमाद से लोग इसमें सहयोग कर रहे हैं। क्या बुर्जुग,क्या अधेड़,क्या युवा सब मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं धर्म को बढ़ावा देने और जैनधर्म को समझने वाला एतिहासिक कार्यकम है ये।

**अजित जैन बडेर**.सदस्य, श्री चंदप्रभु दिगंबर जैन मंदिर

श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा व नित्यनेम पाठ व



शान्तिधारा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के जैन धर्मावलम्बियों का सैलाब उमड़ रहा है। ये हम सबके लिए गौरव का विषय है कि अलवर की धरा पर इस प्रकार का आयोजन हो रहा है। सब आनन्दित हैं कि इस भव्य आयोजन में जैन धर्म के सभी 24 तीर्थंकरों के जीवन दर्शन को समझाया जा रहा है।

**राजेंद्र जैन,**अध्यक्ष, श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार, अलवर

श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम इन उँचाईयों को छूंऐगा ये सब हमारे गुरूदेव की



कृपा का प्रभाव व आर्शिवाद है। युवा टीम इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में दिन रात एक करके लगी हुई है। हमारी सबकी भावनाएं हैं कि आने वाले सभी जैन धर्मावलम्बियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। दोपहर में पूजन के बाद जाने वाली लोगों की भीड़ का मुस्कुराता हुआ चेहरा देखकर हम युवाओं की थकान दूर हो जाती है।

**संजय जैन** बरवाड़ा ,सह संयोजक ,वर्षायोग समिति अलवर

अलवर के इतिहास में सच में ऐसा अविस्मरणीय धार्मिक कार्यक्रम आजतक नहीं हुआ। मैं



श्री नंदीश्वर दीप बड़तला जैन पंचायती मंदिर का अध्यक्ष होने के नाते इस आयोजन करने वाली पूरी टीम को साधुवाद देना चाहूंगा कि सच में ऐसे कार्यक्रमों से जहां धर्म को बढ़ावा मिलता है वहीं युवाओं को भी जैन धर्म को समझने का मौका मिलता है।

**राजेंद्र जैन(ऐडवोकेट),**अध्यक्ष श्री नंदीश्वर दीप बड़तला जैन पंचायती मंदिर



**इस** बात में कोई दो राय नहीं कि कार्यक्रम बहुत ही शानदार हो रहा है। महाराज श्री के आर्शिवाद से सच में ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहा है ऐसा कार्यक्रम अलवर की धरा पर आज तक नहीं हुआ मैं अपनी पूरी टीम को साधुवाद देता हूं जो लगातार इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई है। बुजुर्गो के आर्शिवाद के बाद सारी थकान दूर हो जाती है। नित्यनेम पूजा व शान्तिधारा विधान के बाद जब मुस्कान भरे बुजुर्गो को देखते हैं तो लगाता है कि मनोरथ सफल हो रहा है। ये सब गुरूओं के आर्शिवाद से ही संभव है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए हर इंसान अपना पूरा सहयोग कर रहा है।

**पवन जैन चौधरी,** मुख्य संयोजक, वर्षायोग समिति अलवर

ये हम युवाओं के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि अलवर की धरा



पर पहली बार इस प्रकार का भव्य आयोजन किया जा रहा है। युवा पीढ़ी के लिए ऐसे धार्मिक आयोजन होना कहीं ना कहीं धर्म को बढ़ावा देने का प्रयास है खासकर आजकल जब युवा अपने मार्ग से भटक रहा है ऐसे में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से जुडकर अपने आपको तनाव मुक्त बना रहा है। सभी युवा साथी इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए हैं आनन्द का दौर चल रहा है।

**हिमांशु जैन,** सदस्य वर्षायोग समिति

ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेने से युवाओं को आध्यात्मिक



विकास का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने जीवन के उद्देश्य और मूल्यों को समझने में मदद कर सकते हैं। धार्मिक आयोजनों में भाग लेने से युवाओं को आत्म-विकास का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने जीवन में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक आयोजनों में भाग लेने से युवाओं को तनाव प्रबंधन में मदद मिल सकती है, जिससे वे अपने जीवन में अधिक संतुलित और शांतिपूर्ण रह सकते हैं।

**विशाल जैन,**सदस्य वर्षायोग समिति अलवर

## शंका समाधान एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दादा भगवान सर्व कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय शंका समाधान एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम दिनांक 24 सितम्बर से 28 सितंबर तक प्रताप बाँध स्थित सनातन स्व संस्कार केंद्र में आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम में जय सच्चिदानंद संघ बड़ोदरा से आप्तपुत्र दीपकानन्दए केलनपुरी से आप्तपुत्र हसमुखानंद एवं अहमदाबाद से दीपकानन्द विशेष रूप से उपस्थित होंगे । कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवं सांय 3 से 5 बजे तक रहेगा । आज स्व स्वरूप कीर्तन भक्ति प्रातः 8 बजे प्रमेह की जाएगी। इसमें अलवर क्षेत्र के अनेक महात्मागण एवं श्रद्धालु उपस्थित होंगे। यह जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खंडेलवाल ने दी। कार्यक्रम में संघपति ताराचंद खंडेलवाल, भीमसेन लखेरा, गीताबेन, बिरजुसिंह, अनिल सैनी सहित अनेक महात्मागण एवं जिज्ञासु उपस्थित हुए ।

## शिविर में लाभार्थी को मिला लाभ

**राजगढ़ (अलवर)।** सेवा पकवाड़ा के तहत राजस्थान सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविर 2025 अभियान शिविर नगर पालिका राजगढ़ सभागार में आयोजित हुआ। शिविर में नगर पालिका राजगढ़, महिला एवं बाल विकास विभाग, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से कर्मचारियों द्वारा आवेदन प्राप्त कर निस्तारण किया। शिविर में सेवा शिविर उपखंड प्रभारी प्रेमनाथ धामाणी, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने नगर पालिका संबंधित फायर एनओसी, नामांतरण, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया।

## करणी माता मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** शारदीय नवरात्रि में करणी माता मंदिर में सुबह छह बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है और श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं।

मेले के तीसरे दिन बड़ी संख्या में भक्त पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में लोग परिवार सहित बाइक से आए। प्रशासन ने खराब सडक़ की स्थिति को देखते हुए चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है और श्रद्धालुओं से पैदल या दोपहिया वाहन से ही आने का आग्रह किया है। इस दौरान मंदिर में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्रद्वालु माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं बुधवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अलवर के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा के नेतृत्व में करणी माता के दर्शन किये। इस दौरान मंदिर कमेटी व मंदिर के महंत की ओर से श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा, राजगढ़-रैणी उपशाखा अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, राज अग्रवाल, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा, महासचिव रतन तिवाड़ी, मीडिया प्रभारी नेमी नीमला, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मेला कमेटी के संयोजक राजेश जोशी, करणी माता व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, प्रमोद शर्मा, महेश खंडेलवाल, विष्णु शर्मा रीडर, प्रकाश बेनीवाल, अशोक खेमानी, नरेश चौधरी, महेश तिवारी, बृजेश शर्मा, अरविंद जोशी, शिवा, नितिन, राहुल आदि उपस्थित रहे।

### डॉ पवन सिंह शेखावत ने शिविर लोगों को बताई आयुर्वेद की विशेषताएं

# सेवा पखवाड़ा के तहत निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री शिवाजी मंडल एवं जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर के संयुक्त तत्वाधान में नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को एनईबी विस्तार प्रीत विहार सामुदायिक भवन में प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ताए विशिष्ठ अतिथि मंडल प्रभारी कमल भादवा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश यादव ने की।

शिविर के प्रारंभ में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुध विहार अलवर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए आयुर्वेद की आवश्यकताएं विशिष्टताए महत्व एवं उपयोगिता पर उद्बोधन दिया। डॉ. शेखावत ने बताया कि रोगों से बचाव के लिए आयुर्वेद स्वस्थवृत की पालना परम आवश्यक हैए इसका कोई विकल्प नहीं है। रोगों के स्थाई समाधान से लेकर ए दीर्घायु जीवन की प्राप्ति हेतु आयुर्वेद की महत्ती भूमिका है। शिविर को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता ने कहा कि आयुर्वेद न केवल चिकित्सा पद्धति बल्कि सम्पूर्ण जीवन विज्ञान हैए जो हमें स्वस्थ दीर्घायु जीवन जीने के तरीके सिखाता है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश दुनिया में भारतीय चिकित्सा चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं योग का डंका बज रहा है, कोविड काल में आयुर्वेद का महत्व एवं उपयोगिता सम्पूर्ण विश्व ने देखा है। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी कमल भादवा ने कहा आयुर्वेद जन जन में लोकप्रिय एवं स्थाई समाधान देने वाली भारतीय चिकित्सा पद्धति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं योग ने देश दुनिया में एक नया मुकाम हासिल किया है, आज न केवल देश में बल्कि विश्व भर में आयुर्वेद और योग का डंका बज रहा है। माननीय नरेंद्र मोदी जी ने आयुष मंत्रालय का स्वतंत्र गठन किया, विश्व योग दिवस, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सब कुछ माननीय प्रधानमंत्री जी की आयुर्वेद को आगे ले जाने की विचारधारा का परिणाम है। शिविर में डॉ.पवन सिंह शेखावत, डॉ.मनीष अदलखा एवं डॉ.गुंजन अरोड़ा ने 125 अस्थि संधिगत न्यूरोजनित विकार, रक्तचाप एवं मधुमेह के रोगियों की जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर को सफल बनाने में हेतराम यादव, शीला जांगिड़, सोनू चौधरी, चतर गुर्जर, सतीश जांगिड़, दिनेश जादौन, खेमेंद्र बेनीवाल, तिलक राज चावला, महेंद्र पटवारी, अजय शर्मा, सागर यादव, अजय सैनी, नवीन यादव, श्याम सुंदर जांगिड़, अशोक वर्मा, विनोद यादव, कल्पना शर्मा, ममता गुप्ता, गीता यादव सहित क्षेत्रवासीयो का विशेष सहयोग रहा ।



'नारी चौपाल' में बिखरे उमंग, उत्साह, और उल्लास के रंग

# महिलाओं एवं बालिकाओं ने अपने हुनर का किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले के प्रत्येक उपखंड पर नारी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की पालना में बुधवार को जालसू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पहले नारी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ हुआ।



जिला प्रमुख रमादेवी चौपड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुए नारी चौपाल में हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं ने सभी गतिविधियों में बढ़—चढ़ कर भाग लिया एवं अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मारवाड़ी गीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, रस्सा—कस्सी प्रतियोगिता, आत्मरक्षा प्रशिक्षण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में विजेताओं को जिला प्रमुख रमादेवी चोपड़ा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मृणाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाना है। नारी चौपाल में महिलाओं को सरकार की योजनाओं, अधिकारों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जाएगा।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि नारी चौपाल के माध्यम से समाज में लिंगानुपात सुधार, महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया जाएगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, नियमों और अधिनियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि समतामूलक समाज का निर्माण हो सके।

नारी चौपाल कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महिलाओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पोषण, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर जागरूक किया। साथ ही महिलाओं को प्रेरित करने के लिए सफलता की कहानियाँ और अनुभव भी साझा किये। चौपाल स्थल पर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सहायता काउंटर भी लगाए गए, ताकि महिलाओं को मौके पर ही आवश्यक जानकारी और सहयोग मिल सके।

डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि जयपुर के सभी उपखण्डों में चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा। नारी चौपाल महिलाओं के लिए केवल संवाद का मंच नहीं होगा, बल्कि यह उन्हें आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने का अवसर भी प्रदान करेगा। इससे महिलाओं तक सरकार की योजनाएं अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचेंगी और समाज में उनकी भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। नारी चौपाल श्रृंखला से जिले की हजारों महिलाओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगी।

# पुलिस लाइन कोटपूतली-बहरोड़ में 'रक्षक-स्वास्थ्य संवाद' कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक पुलिस लाइन,कोटपूतली-बहरोड़ का वातावरण स्वास्थ्य, योग और आयुर्वेद की महक से सराबोर रहा। इस अवसर पर 'रक्षक-स्वास्थ्य संवाद' नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पल्स आयुर्वेदा एवं वेलनेस सेंटर तथा जिला पुलिस टीम के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई रहे,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.महेंद्र सिंह पलसानिया एवं पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र बुरडक मंचासीन रहे।कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्राचीन आयुर्वेद की विशेषताओं, इसकी वैज्ञानिक पद्धति तथा आज की आधुनिक जीवनशैली में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है।

तत्पश्चात पल्स हॉस्पिटल के योगाचार्य रजत कुमार ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. पलसानिया ने कहा आयुर्वेद समरसता का विज्ञान है - शरीर, मन, आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन का मार्ग है आयुर्वेद न केवल मनुष्य के स्वास्थ्य की रक्षा करता है, बल्कि प्रकृति के संरक्षण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। आयुर्वेद से हमें दिनचर्या और ऋतु के अनुसार सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना सीखना चाहिए । यह समाज में नैतिकता, पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही उन्होंने बताया की आयुर्वेदा हमे सिखलाता है की-जो हम प्रकृति के साथ करेंगे ,वही हमारे साथ होगा । नदियों, जंगलों और पशु-पक्षियों की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा प्लास्टिक का उपयोग न करना ये सभी बातें आयुर्वेदिक जीवनशैली का हिस्सा हैं।

# महिला सशक्तिकरण सेमिनार का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय, में महिला सशक्तिकरण पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन सेमिनार और जन जागरूकता निर्माण गतिविधि के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुआ।कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यार्थियों को अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. पद्मा मीणा ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, पर्यावरण की रक्षा और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।अनुभा गुप्ता ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए, और डॉ. बबीता यादव ने प्रेरक पंक्तियों से सभी का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर ज्योति पाठक, सुमन पुनिया, कोमल शर्मा, डॉ. माधुरी मंगावत, भूमिका खंडेलवाल, सुदेश कुमारी और बरखा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं।

# पवाना अहीर सीनियर स्कूल में प्राचार्य पद पर भागीरथसिंह मीणा ने कार्यग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम पवाना अहीर सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व कार्यवाहक सीबीईओ भागीरथसिंह मीणा ने प्राचार्य पद पर कार्यग्रहण किया। विद्यालय परिवार के साथ साथ ग्राम सरपंच पूरणमल खटीक, पंसस प्रतिनिधि मनोज मीणा, मुकेश आर्य सहायक निदेशक आयुर्वेद, गुमान सिंह मीणा पूर्व व्याख्याता, शिवराम प्रधानाध्यापक व ग्रामीणों ने उनका माल्यार्पण व राजस्थानी साफ़ा पहनाकर अभिनंदन किया।इसी दौरान स्थानीय विद्यालय के पांच खिलाड़ी खड़ब में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित होने पर शारीरिक शिक्षक शिवपाल सिंह यादव के साथ सभी खिलाडियों का माल्यार्पण कर प्रोत्साहन प्रदान किया। प्रतियोगिता में 60 किग्रा वेटलिफ्टिंग में नवीन योगी, 19 वर्षीय वॉलीबाल में मनीषा आर्य, जिया यादव, आशिका आर्य एवं 17 वर्षीय वॉलीबाल में करिश्मा यादव का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व के लिए चयन हुआ है।



# नियम विरुद्ध नामांतरण करने वाले पटवारी को किया निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अनुशासनहीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए पटवारी श्री अमर मीणा, पटवारी मंडल बूडगांव, तहसील बस्सी, जिला जयपुर को निलंबित कर दिया है।

अमर मीणा द्वारा कृषि भूमि का नियम विरुद्ध नामांतरण किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर शासन स्तर से कार्रवाई करते हुए राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के तहत निलंबन आदेश जारी किए गए हैं। निलंबन अवधि में पटवारी श्री अमर मीणा का मुख्यालय तहसील जयपुर (जिला जयपुर) निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार देय निर्वाह भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

# रींगस में धायल हॉस्पिटल ब्लड बैंक और न्यूरो सर्जरी ट्रॉमा सेंटर का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** कस्बे के मठ मंदिर के पास स्थित धायल हॉस्पिटल हार्ट एंड रिसर्च सेंटर में बुधवार को मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया विशिष्ट अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा खंडेला विधायक सुभाष मील पूर्व चिकित्सा मंत्री बंशीधर बाजिया पूर्व विधायक महादेव सिंह खंडेला रींगस नगरपालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने फिता काटकर एमआरआई, ब्लड बैंक और न्यूरो सर्जरी ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ किया। अस्पताल के सीईओ सुनील धायल ने बताया कि शुभारंभ के साथ ही ये सभी नई चिकित्सा सेवाएँ आमजन के लिए लाभ साबित होगी अस्पताल निदेशक डॉ. एच. एस. धायल ने कहा कि इन आधुनिक सुविधाओं से न केवल रींगस, बल्कि पूरे सीकर जिले और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही एनएच-52 पर दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को भी त्वरित और बेहतर उपचार मिल सकेगा।

# विधायक मिल ने किया उच्च जलाशय टंकी का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** खंडेला के लोकप्रिय विधायक सुभाष मिल ने रींगस शहर के वार्ड नंबर 33 के बेरा वाली ढाणी में अमृत मिशन 2.0 शहरी जल योजना पुनर्गठन के तहत 50000 लीटर क्षमता वाले उच्च जलाशय का शिलान्यास किया, इस मौके पर विधायक सुभाष मिल ने कहां की शहरी जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न वार्डों में 8 नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे, यह परियोजना रींगस के शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके वार्ड पार्षद लोकेश कुमावत के नेतृत्व में विधायक का साफा पहनना से स्वागत किया इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बोदूराम कुमावत,भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत, पार्षद बाबूलाल राजोरिया, गोगराज भामू, एडवोकेट दीपक बाजिया, राकेश कौरखन्या, पार्षद प्रतिनिधि विष्णु गंगावत, पार्षद लोकेश कुमावत, योगेश शर्मा, विष्णु चूलेट, शायर बंसीवाला, प्रदीप रिंकू शर्मा, दिनेश जांगिड़, धीरज शर्मा सहित अनेक कस्बे वासी उपस्थित रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# प्रेरणा ग्रुप का भव्य गरबा महोत्सव, 1300 बहनों ने माँ अम्बे के जयकारों से किया वातावरण गुंजायमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रेरणा ग्रुप द्वारा इस साल का गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन रहा । माँ दुर्गा पेराडाइज कंकाली माता मंदिर के पास लगभग 1300 सर्व हिंदू समाज की बहने एक साथ जय माँ अम्बे के जयकारे के साथ इस महोत्सव को जीवन्त बना दिया हर कदम पर जोश और हर ताल पर जुनून देखने लायक था। जैसे ही सुर और ताल का संगम हुआ, मानो शहर की हर गली गरबा के रंग में रंग गई। एंकर डीडी मंगल और कोरियोग्राफर चीनू पारीक के मंच संचालन में ऊर्जा और उत्साह का ऐसा विस्फोट हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत गरबा के अतिथियों एवं प्रेरणा ग्रुप की सदस्यों द्वारा आदि योगी और माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और शास्त्र पूजन कर के माँ दुर्गा की 108 दीपक से भव्य आरती की गई जिसने देखने वालों के आश्चर्यचकित कर दिया।प्रेरणा ग्रुप कि संयोजिका रेखा जाजू ने बताया कि प्रेरणा ग्रुप के इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि यह जोश और संस्कारों का अनोखा संगम है, जहां हर दिल मां अम्बे के जयकारे के साथ धडक़ता है। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सुमन राजेन्द्र गोयल ,निधि जी मोहित टेलर(रामाज रिसोर्ट एंड कुर्तीस),अंजू ,अजय त्रिपाठी स्पॉन्सर खुशी जी पुनीत आर टी पुष्पा जी बुलानी सावी छँगानी नंदनी जी व्यास कोमल जी यादव कुणाल टिक्कीवाल माँटी जैन अनिता जी गुजर कुनिका छामुनिया एसबीआई ब्रांच से निमेष गुप्ता अंतिमा विकास अग्रवाल सिंगर नम्रता करवा आदि उपस्तिथ रहे । अतिथियों का स्वागत प्रेरणा ग्रुप द्वारा हमारी माला दुपट्टे और साफा पहना कर किया गया उपहार स्वरूप सभी को तुलसी का गमला और गौ माता की प्रतिमा दी गई । प्रेरणा ग्रुप की संयोजिका रेखा जाजू द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों और बहनों को धन्यवाद दिया गया और नारीशक्ति की महत्ता पर संभोदित किया गया । कार्यक्रम में फोटोग्राफी पारसनाथ की एवं साउंड डीजे राज गोलू का रहा कार्यक्रम में मुंबई की गायिका नम्रता करवा ने लाइव साँग से और अधिक समा बांध दिया ,रामाज कुर्ती की तरफ से 3 जैक पॉट 20 लक्की ड्रॉ 1000 गिफ्ट वाउचर दिए गए कार्यक्रम में प्रेरणा ग्रुप की सदस्य अल्पना जौनवाल स्मिता शर्मा ,अरुणा सोनी ,रेखा जैन लक्ष्मी विजय ,ज्योति विजय ,मोनिका जैन ,पूनम गर्ग रायना रजक ,रिंकू गर्ग ,शिमला गर्ग, रेणु सोनी ,स्नेहा लता शर्मा ,सुधा लोढ़ा ,सुशीला जैन ,हेमा शर्मा ,हेमलता तोषनीवाल, श्वेता सिंघल, रेखा सोनी भावना जैन , अंशु सोनी पंकज गर्ग ने सभी उपस्तिथ सदस्य का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार